मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशितः भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

भोपाल
शनिवार 12 अप्रैल 2025

■ वर्षः 30 ■ अंकः 105
■ पेजः 8 ■ मूल्यः 1.50/- रुपए

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

## मेरठ में पूरी पुलिस चौकी सस्पेंड

**मेरठ, ईएमएस।** मेरठ में अपराध नियंत्रण को लेकर एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने गोकशी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने के कारण इंचौली थाने की लावड़ चौकी के सभी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही इंचौली थाना प्रभारी को भी लाइन हाजिर कर दिया है।

## चुपके-चुपके

### मैडम के समाजवाद से संगठित हो रहा समाज

ब्यूरोक्रेट्स की अपनी सीमा और अपनी लाइन होती है। लेकिन कुछ ब्यूरोक्रेट्स ऐसे होते हैं, जो इससे बाहर आकर काम करते हैं। इसी श्रेणी की एक महिला आईएएस अधिकारी चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं। खबरची का कहना है कि 2013 बैच की ये आईएएस अधिकारी राजधानी के पास के एक जिले में कलेक्टर हैं। सूत्रों का कहना है कि मैडम जिस राज्य की मूल निवासी हैं, उस राज्य के लोगों की आपसी लड़ाई और झगड़ों को निपटाने के लिए समाजवाद का सहारा ले रही हैं। लेकिन उनका यह समाजवाद सिर्फ स्वजातियों तक ही सीमित है। ऐसे में कहा जा रहा है कि कहीं मैडम भविष्य में राजनीति में हाथ आजमाने की तैयारी तो नहीं कर रही हैं। आलम यह है कि मैडम के बंगले पर उनके स्वजातीय लोगों का आना-जाना बना रहता है।

- खबरची

## फटाफट खबरें

### सोना पहुंचा ऑल टाइम हाई पर

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सोना शुक्रवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,913 बढ़कर 93,074 पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 90,161 थी। एक किलो चांदी की कीमत 1,958 बढ़कर 92,627 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 90,669 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 और 3 अप्रैल को सोने ने 91,205 का हाई बनाया था।

### मस्जिद में बैग में रखा जानवर का सिर

**आगरा, ईएमएस।** आगरा में जुमे की नमाज से पहले शाही जामा मस्जिद में बैग में जानवर का सिर रखा मिला। शुक्रवार सुबह जब लोग नमाज के लिए पहुंचे तो बैग पर नजर पड़ी। जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद में पहुंच गए। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। बैग मस्जिद के हाल के एक कोने में रखा था। पुलिस ने वहां से बैग हटा दिया। इसके बाद मस्जिद धुलवाई गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे। सीसीटीवी में एक युवक मस्जिद में बैग रखते हुए दिखा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### 127.54 करोड़ की हेरोइन बरामद

**अमृतसर, ईएमएस।** पंजाब पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बॉर्डर रेंज अमृतसर ने एक संगठित अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने गांव खैरा, थाना घरिंडा, अमृतसर निवासी हीरा सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 18.227 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। जांच में सामने आया है कि हीरा सिंह और उसका साथी कुलविंदर सिंह उर्फ किंदा पाकिस्तान आधारित ड्रग तस्कर बिल्ला के संपर्क में थे।

### सौरभ की मां, पत्नी, जीजा, साले की जमानत

**भोपाल, ईएमएस।** ईडी कोर्ट से सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, जीजा विनय आसवानी और जबलपुर निवासी साले रोहित तिवारी को अठारवे अपर सत्र एवं विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की अदालत से 10 लाख रुपए के बॉन्ड पर जमानत मिल गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल ने आरटीओ के करोड़पति पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा उसके सहयोगियों शरद जायसवाल, चेतन सिंह गौर के खिलाफ मंगलवार को कोर्ट में चालान पेश किया था।

## अमेरिका और चीन के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बना टैरिफ वॉर ... अब चीन ने अमेरिका पर लगाया 125 प्रतिशत टैरिफ... ट्रंप जिद्दी तो जिनपिंग भी झुकने को तैयार नहीं

# खतरनाक राह पर ट्रेड वार

### टैरिफ वॉर पूरी दुनिया के लिए बना सिरदर्द

● **वॉशिंगटन/बीजिंग, ईएमएस।**

चीन और अमेरिका के बीच चल रहे टैरिफ वॉर पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन गया है। अब चीन ने अमेरिका पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ऐसे में अब अमेरिका से आने वाले सामान पर चीन 125 प्रतिशत तक टैक्स वसूलेगा। पहले चीन ने इस टैरिफ को 84 प्रतिशत तक बढ़ाया था। 125 प्रतिशत टैरिफ का प्रावधान 12 अप्रैल से लागू होगा। चीन के इस कदम से साफ है कि वह अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से बढ़ाए गए टैक्स का मुंहतोड़ जवाब देने का प्लान बनाया गया है। बता दें कि अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से चीन के सामान पर लगाए गए नए टैरिफ का आंकड़ा 125 प्रतिशत नहीं 145 प्रतिशत हो गया है। अमेरिका और चीन के बीच का टैरिफ वॉर चरम पर पहुंच गया है। राष्ट्रपति ट्रंप टैरिफ पर 70 से अधिक देशों को 90 दिनों की राहत दे चुके हैं लेकिन चीन को बड़ा झटका दिया है। चीन पर ट्रंप ने कुल 145 फीसदी टैरिफ लगाया है। अमेरिका के 145 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में अब चीन ने 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया दिया है। ये शनिवार से लागू होगा। वहीं, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका से बढ़ते टैरिफ विवाद के बीच पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चीन किसी से डरता नहीं है। पिछले 70 साल में हुआ चीन का विकास कड़ी मेहनत और खुद पर निर्भर रहने का नतीजा है। इन सबके बीच ट्रंप को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के फोन करने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस का कहना है कि राष्ट्रपति ट्रंप से टैरिफ पर बातचीत के लिए दर्जनभर से ज्यादा देश संपर्क में हैं। आगामी हफ्तों में ट्रंप के साथ कई देशों के प्रतिनिधियों की बातचीत और मीटिंग्स हो सकती है। लेकिन इन देशों में चीन शामिल नहीं है। व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि टैरिफ को लेकर अमेरिका किसी भी सूरत में बातचीत की पहल नहीं करेगा। चीन को ही इसकी पहल करनी होगी।




### चीन कभी दूसरों के दान के भरोसे नहीं रहा

जिनपिंग ने कहा कि चीन कभी दूसरों के दान के भरोसे नहीं रहा है। न ही कभी किसी की जबरदस्ती से डरा है। दुनिया कितनी भी क्यों न बदल जाए, चीन परेशान नहीं होगा। जिनपिंग ने कहा कि ट्रेड वॉर में कोई विजेता नहीं होता। दुनिया के खिलाफ जाने का मतलब खुद के खिलाफ जाना है। जिनपिंग ने यह बातें स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज से मुलाकात के दौरान कहीं। सांचेज शुक्रवार को चीन दौरे पर पहुंचे हैं। सांचेज ट्रम्प के टैरिफ का ऐलान करने के बाद चीन जाने वाले पहले यूरोपीय नेता हैं। टैरिफ को लेकर सांचेज ने भी ट्रम्प की आलोचना की थी। उन्होंने 8 अप्रैल को कहा था कि ट्रम्प के टैरिफ की वजह से यूरोप नए बाजार तलाशने पर मजबूर होगा। इसके अलावा यूरोपीय देश और चीन दोनों अपने संबंधों को बेहतर करने पर विचार करेंगे।



## हम कभी बंदूक रखकर समझौता नहीं करते : पीयूष गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अमेरिका के साथ लगातार बातचीत कर रहा है और इस समझौते में देश और जनता के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की सभी व्यापार वार्ताएं पहले भारत की भावना और विकसित भारत 2047 के रास्ते पर आगे बढ़ रही हैं। भारत-अमेरिका के समझौते पर प्रगति के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हमने पहले भी कई बार कहा है कि हम बंदूक रखके कभी समझौता नहीं करते हैं। समय की पबंदियां अच्छी रहती हैं कि वो प्रोत्साहित करती हैं कि बात तेजी से हो, लेकिन जब तक देश हित और जनहित को हम सुरक्षित न रख सकें, तब तक कभी भी जल्दबाजी करना अच्छा नहीं है। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका ने इस साल सितंबर-अक्टूबर तक समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने का लक्ष्य तय किया है। भारत-अमेरिका ने साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का है। भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) व्यापार समझौते पर गोयल ने कहा कि व्यापार वार्ता तब आगे बढ़ती है जब दोनों पक्ष एक-दूसरे की चिंताओं और आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील होते हैं। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ में व्यवसायों को गैर-टैरिफ बाधाओं की विभिन्न बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

### ईसागढ़ स्थित श्री आनंदपुर धाम में पीएम मोदी बोले

# सेवा की भावना सरकार की नीति और निष्ठा

### सभी समस्याओं का समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा

● **अशोकनगर।, ईएमएस।**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में भौतिक उन्नति के बीच मानवता के लिए युद्ध, संघर्ष और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कई चिंताएं हमारे सामने हैं। इनकी जड़ में क्या है। इनकी जड़ में अपने और पराए की मानसिकता है। ये मानसिकता मानव से मानव को दूर करती है। आज विश्व भी सोच रहा है कि इनका समाधान कहां मिलेगा। इनका समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा। अद्वैत यानी यहां कोई द्वैत नहीं है। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प, सबका साथ सबका विकास का मंत्र, सेवा की भावना सरकार की नीति है। निष्ठा भी है। सेवा की भावना हमारे व्यक्तित्व को भी निखारती है। सेवा हमें व्यक्तिगत दायरे से निकालकर मानवता के बड़े उद्देश्य से जोड़ती है। सेवा एक साधना है, एक ऐसी गंगा है, जिसमें हर व्यक्ति को डुबकी लगानी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित श्री आनंदपुर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने परमहंस अद्वैत मत के तीन प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए। उन्होंने आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित किए। इसके बाद मोती हॉल पहुंचकर परमहंस अद्वैत मत के वर्तमान गुरु से मुलाकात की और फिर सत्संग हॉल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित भी किया। पीएम मोदी के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहे।



### अशोकनगर में शोक आने से डरता है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया हो, जहां परमार्थ एक परंपरा बन चुका हो, जहां सेवा के संकल्प मानवता के कल्याण का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है। इसलिए हमारे संतों ने अशोक नगर के बारे में कहा था कि यहां शोक आने से डरता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा भारत ऋषियों, मनीषियों और संतों की धरती है। जब-जब हमारा भारत, हमारा समाज किसी मुश्किल दौर से गुजरता है, कोई न कोई ऋषि, मनीषी इस धरती पर अवतरित होकर समाज को नई दिशा देता है। हम पूज्य स्वामी अद्वैतानंद महाराज जी के जीवन में भी इसकी झलक देख सकते हैं।

**देश में राम वन गमन पथ का विकास कर रहे :** एमपी सरकार अभी से ही उज्जैन सिंहस्थ की तैयारी में जुट गई है। हम देश में राम वन गमन पथ का विकास कर रहे हैं। इसका अहम हिस्सा एमपी से होकर गुजरेगा।

### राष्ट्रीय जांच एजेंसी का दावा | मुंबई की तरह अन्य शहरों में भी हमले की योजना बना रहा था तहव्वुर राणा

● **नई दिल्ली, ईएमएस।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली की अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि तहव्वुर राणा ने मुंबई की तरह ही देश के अन्य शहरों में भी आतंकी हमले की योजना बनाई थी। एनआईए ने विशेष जज चंद्रजीत सिंह की अदालत में यह दावा किया। सुनवाई के बाद जज ने तहव्वुर राणा को 18 दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया।

जज चंद्रजीत सिंह ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि वे हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराएं और उसे वैकल्पिक दिनों पर अपने वकील से मिलने की इजाजत दी जाए। हालांकि यह मुलाकात एनआईए अधिकारी की मौजूदगी में ही होगी। एनआईए अधिकारी को तहव्वुर राणा और उसके वकील की मुलाकात के दौरान कुछ दूरी पर खड़े होना होगा, लेकिन सिर्फ इतनी दूरी कि वह दोनों की बात सुन सके।

सुनवाई के दौरान एनआईए ने तर्क दिया कि मुंबई हमले की पूरी साजिश को बेनकाब करने के लिए विस्तृत पूछताछ की जरूरत होगी और उसे हमले वाली जगहों पर लेकर जाने की जरूरत होगी ताकि क्राइम सीन को रिक्रिएट किया जा सके। एनआईए के डीआईजी, एक आईजी और दिल्ली पुलिस के पांच डीसीपी सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद रहे।

### यूक्रेन को 450 मिलियन पाउंड की सैन्य मदद देगा ब्रिटेन

**लंदन, ईएमएस।** ब्रिटेन की सरकार ने यूक्रेन के लिए 450 मिलियन पाउंड यानी करीब 5067 करोड़ रुपए की सैन्य मदद का ऐलान किया है। ये घोषणा ब्रसेल्स में 50 देशों की बैठक से पहले की गई है। ये बैठक ब्रिटेन और जर्मनी ने मिलकर आयोजित की है। इस पैकेज में हजारों ड्रोन, एंटी-टैंक माइन और मिलिट्री वाहनों की रिपेयरिंग के लिए फंड शामिल है।ब्रिटेन के डिफेंस सेक्रेटरी जॉन हीली ने कहा कि सभी देशों के रक्षा अधिकारी मिलकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वे यूक्रेन युद्ध को रोक दें। हमें यूक्रेन की सुरक्षा को बढ़ाते हुए रूसी आक्रमण को रोकने की कोशिश जारी रखनी होगी।

### अमेरिकी टैरिफ से राहत के बीच बाजार में रिकवरी, सेंसेक्स 1310 अंक चढ़ा, निफ्टी 22800 पार

## निवेशकों को हुई 8 लाख करोड़ की कमाई

● **मुंबई, ईएमएस।**

अमेरिका की ओर से दुनियाभर के देशों के खिलाफ लगाए गए जवाबी टैरिफ को इस साल 9 जुलाई तक टालने के बाद घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन रिकवरी दिखी। शुक्रवार को बेंचमार्क सेंसेक्स 1,310 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूसरी ओर, जबकि निफ्टी 22,900 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। शेयर बाजार में शानदार तेजी के बीच बीएसई मार्केट कैपिटलाइजेशन में भी खूब उछाल आई, जिसकी वैल्यूवेशन में 8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का इजाफा देखा गया। बीएसई मार्केट कैप 393 लाख करोड़ रुपये से 8 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 401 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।



वैश्विक बाजारों में जारी मंदी के रुख को दरकिनार करते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,310.11 अंक या 1.77 प्रतिशत उछलकर 75,157.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,620.18 अंक या 2.19 प्रतिशत बढ़कर 75,467.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 429.40 अंक या 1.92 प्रतिशत बढ़कर 22,828.55 अंक पर पहुंच गया। दिनभर के कारोबार में बेंचमार्क 524.75 अंक या 2.34 प्रतिशत बढ़कर 22,923.90 अंक पर पहुंच गया। व्हाइट हाउस के कार्यकारी आदेश के अनुसार, अमेरिका ने इस वर्ष 9 जुलाई तक 90 दिनों के लिए भारत पर अतिरिक्त जवाबी शुल्क टालने का एलान किया है। 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका को माल निर्यात करने वाले लगभग 60 देशों पर जवाबी टैरिफ लगा दिया था। इसी कड़ी में भारत पर भी 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की बात कही गई थी।

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी से पूछा सवाल, कहा...

## रोजगार प्रोत्साहन योजना क्या एक और जुमला है?

**नई दिल्ली, ईएमएस।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को रोजगार प्रोत्साहन योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछा। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी रोज नए नारे गढ़ते हैं, लेकिन युवा अब भी वास्तविक अवसरों का इंतजार कर रहे हैं। क्या यह एक और जुमला है? एक्स पर पोस्ट में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पीएम मोदी ने जोर-शोर से रोजगार प्रोत्साहन योजना की घोषणा की थी। इसमें युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना की घोषणा किए लगभग एक साल हो गया है। मगर सरकार ने इस पर अब तक कुछ नहीं किया। योजना के लिए आवंटित किए गए 10,000 करोड़ रुपये भी वापस कर दिए गए हैं। इससे साफ है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी को लेकर कितने गंभीर हैं। राहुल गांधी ने कहा कि केवल बड़े कॉरपोरेट्स पर ध्यान केंद्रित करके, निष्पक्ष व्यापार की बजाय मित्र राष्ट्रों को बढ़ावा देकर, उत्पादन की बजाय असेंबली को प्राथमिकता देकर और भारत के स्वदेशी कौशल की उपेक्षा करके नौकरियां पैदा नहीं की जा सकतीं। करोड़ों नौकरियां सृजित करने का तरीका एमएसएमई में बड़े पैमाने पर निवेश, निष्पक्ष बाजार, स्थानीय उत्पादन नेटवर्क को समर्थन और सही कौशल वाले युवा ही हैं।



### यूपी-बिहार में बारिश-बिजली का कहर, 83 मौतें

## 10 राज्यों में आंधी–बारिश का अनुमान, कई राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली, ईएमएस।** देश में मौसम की दोहरी मार जारी है। एक तरफ तेज गर्मी और दूसरी तरफ आंधी-तूफान और बारिश का कहर है। यूपी-बिहार में 10 अप्रैल को आंधी-तूफान के कारण 83 लोगों की मौत हो गई। इसमें 61 मौतें बिहार में और 22 मौतें यूपी में हुईं। मौसम विभाग के मुताबिक आज भी जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, असम, मेघालय में 40-50 किमी की रफ्तार से तूफानी हवा चल सकती है। साथ ही बिजली गिरने का भी अलर्ट है। तेज बारिश की भी संभावना रहेगी। उत्तराखंड के चमोली में गुरुवार को बादल फटा था।



### भीषण गर्मी भी जारी

देश में भीषण गर्मी भी जारी है। ज्यादातर राज्यों में गुरुवार को दिन का पारा 35 डिग्री के पार रहा। राजस्थान के बाड़मेर में सबसे ज्यादा 44.3 डिग्री रहा। आज भी दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में पारा 35 डिग्री पार रहेगा। राजस्थान-गुजरात में 40-43 डिग्री तक जा सकता है।

### वक्फ कानून के खिलाफ शहर-शहर प्रदर्शन

## कोलकाता में छात्रों का मार्च, मुंबई और भोपाल की सड़कों पर उतरे लोग

● **कोलकाता/मुंबई/लखनऊ/भोपाल, ईएमएस।**

संसद के दोनों सदनों से वक्फ बिल के पास होने और कानून बनने के बाद देश के अलग-अलग इलाकों से प्रोटेस्ट की खबरें सामने आ रही हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि घर की बत्ती बंद करें और वक्फ कानून के खिलाफ प्रोटेस्ट करें। वहीं, बीजेपी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी मुस्लिमों के घर में रोशनी देंगे।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता की आलिया विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स वक्फ संशोधन के खिलाफ कैंपस में प्रोटेस्ट मार्च निकाल रहे हैं। विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स का प्रोटेस्ट सर्कस क्रॉसिंग तक रहा। यही वह स्थान है, जहां पिछले शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन हुआ था। भोपाल में शुक्रवार को मप्र मुस्लिम त्योहार कमेटी द्वारा वक्त बिल के विरोध में आयोजित विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली। इसके चलते प्रदर्शन मोती मस्जिद सड़क पर किया गया।



प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस की भारी तैनाती देखी गई, साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स भी मौके पर मौजूद रही। नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोग इकबाल मैदान क्षेत्र में एकत्रित हुए, लेकिन जब उन्हें प्रदर्शन की अनुमति रद्द होने की जानकारी मिली तो वे लौट गए।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का ऐलान

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने कहा कि 11 अप्रैल से 7 जुलाई 2025 तक वक्फ बचाओ अभियान चलेगा। हम वक्फ कानून में मनमानी के खिलाफ हैं। ये लोग वक्फ को हड़पना चाहते हैं। हम शांति से अपना अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी दबाव बनाएंगे, जिससे ये कानून वापस लिया जा सके। 30 अप्रैल को रात 9 बजे आधे घंटे के लिए मुसलमान अपने घर और फैक्ट्री की बत्ती गुल कर दें और खामोश प्रदर्शन दर्ज करवाएं। दिल्ली के रामलीला मैदान में भी वक्फ बिल के खिलाफ कार्यक्रम होगा।

### लखनऊ में शिया समुदाय का हल्ला बोल

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इमामबाड़े के शिया समुदाय के लोगों ने वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन किया है। जुमे की नमाज के बाद शिया धर्म गुरु कल्बे जवाद की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन हुआ। वहां पर मौजूद लोगों के हाथों में तख्ती नजर आई, जिसमें वक्फ संशोधन के खिलाफ स्लोगन्स लिखे हुए थे।

### पंजाब में बार-बार टोल प्लाजा बंद होने से केंद्र और पंजाब सरकार में ठनी

## टोल बंद होने से 1638.85 करोड़ का नुकसान, पंजाब से भरपाई की तैयारी

● **अमृतसर, ईएमएस**

पंजाब में बार-बार टोल प्लाजा को जबरन बंद किए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने गहरी नाराजगी जताई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस मुद्दे पर पंजाब के मुख्य सचिव के एपी सिन्हा को पत्र लिखकर बताया कि अक्टूबर 2020 से नवंबर 2024 के बीच इस तरह की घटनाओं के कारण केंद्र सरकार को 1 हजार 638.85 करोड़ रुपए का भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

4 अप्रैल को लिखे गए इस पत्र में मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने कहा कि टोल वसूली में बार-बार आने वाले रुकावटों के कारण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनएचएआई की परियोजनाओं के निर्माण और रखरखाव पर बुरा असर पड़ा है। इसके साथ ही केंद्र इस घाटे की भरपाई राज्य सरकार से करने पर भी विचार कर रहा है।



### केंद्र सरकार को ही भरपाई करनी चाहिए

वहीं, इस मामले को लेकर अब वित्त मंत्री हरपाल चीमा का भी बयान आया है। हरपाल चीमा ने कहा है कि टोल प्लाजा की बंदी किसानों की मांगों के चलते हुई है, और ये मांगें केंद्र सरकार से संबंधित हैं। ऐसे में नुकसान की भरपाई भी केंद्र सरकार को ही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार किसानों के साथ संवाद के पक्ष में रही है, लेकिन यह मामला राष्ट्रीय नीति से जुड़ा है, इसलिए केंद्र को ही इसका समाधान निकालना होगा।

### 2024 में 1 महीना बंद रहे टोल

मंत्रालय ने यह भी बताया कि 17 अक्टूबर से 13 नवंबर 2024 तक पंजाब के 24 टोल प्लाजा पूरी तरह से बंद रहे। केवल पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही इन्हें दोबारा शुरू किया जा सका। इसके अलावा अक्टूबर 2020 से दिसंबर 2021 तक 1 हजार 348.77 करोड़ और साल 2022 से 2023 तक 41.83 करोड़ का नुकसान हुआ। केंद्र सरकार का कहना है कि टोल संचालन में रुकावट न केवल बुनियादी ढांचे के विकास को बाधित करती है। बल्कि टोल वसूली एजेंसियों को होने वाले नुकसान की भरपाई भी सरकार को करनी पड़ती है। जिससे सरकारी खजाने पर दबाव पड़ता है। मंत्रालय ने पंजाब सरकार से अनुरोध किया है कि वह जिला प्रशासन के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में टोल वसूली में कोई रुकावट न आए।

### तमिलनाडु में भाजपा का एआईएडीएमके से गठबंधन का ऐलान

## शाह बोले- 2026 का विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे

● **चेन्नई, ईएमएस**

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चेन्नई में एआईएडीएमके के साथ गठबंधन का ऐलान किया। उन्होंने कहा 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएमके प्रमुख ई पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

सीटों का बंटवारा बाद में चर्चा के बाद तय किया जाएगा। शाह ने कहा कि गठबंधन को लेकर एआईएडीएमके की कोई डिमांड या मांग नहीं है। पार्टी का एनडीए में शामिल होना दोनों के लिए ही बहुत फायदेमंद है। अगला चुनाव डीएमके सरकार के भ्रष्टाचार, दलितों पर, महिलाओं पर अत्याचार के आधार लड़ा जाएगा। लोग डीएमके से घोटालों पर जवाब मांग रहे हैं, चुनाव में इन मुद्दों पर वोट देंगे। सितंबर 2023 में तत्कालीन तमिलनाडु प्रमुख अन्नामलाई की गई कुछ टिप्पणियों के कारण अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) एनडीए से अलग हो गई थी।



## दक्षिण पूर्व एशिया के तीन देशों के दौरे पर जाएंगे शी चिनफिंग

**बीजिंग (ईएमएस)।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत में दक्षिण पूर्व एशिया के तीन देशों का दौरा करने वाले है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर 145 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ) लगाने के बाद यह शी का पहला विदेश दौरा होगा। चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया कि शी 14 से 18 अप्रैल तक वियतनाम, मलेशिया और कंबोडिया की यात्रा पर जाएंगे।

## बिहार में बारिश और बिजली गिरने से 80 की मौत

**पटना, (ईएमएस)।** बिहार के अलग-अलग शहरों में अचानक मौसम बदल गया। देखते ही देखते बादल छा गए और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई और इसके साथ ही बिजली कड़कने और वज्रपात से बिहार के कई जिलों में बिजली गिरने से मौत होने की खबरें भी मिली हैं। बिहार में मौसम बिगड़ने के कारण बड़ा नुकसान हुआ है। दरअसल बिहार के अलग-अलग जिलों में गुरुवार को आंधी और बिजली गिरने के कारण करीब 80 लोगों की जान चली गई।

## फटाफट खबरें

### खेत में मिला सेना के जवान का शव

**सहारनपुर, (ईएमएस)।** यूपी के सहारनपुर जिले के थाना रामपुर मनिहारान क्षेत्र के गांव मुंडीखेड़ी में सेना के जवान विक्रांत गुर्जर का शव खेत में पड़ा मिला। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि विक्रांत अपने चचेरे भाई की हत्या मामले में मुख्य गवाह था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 4 साल पहले चचेरे भाई रजत की हत्या हुई थी। इस मामले में विक्रांत मुख्य गवाह था। विक्रांत की गवाही 2 दिन पहले कोर्ट में पूरी हो गई। हत्या के आरोपियों ने विक्रांत को गवाही नहीं देने का दबाव डाल रहे थे।

### जिम जाते समय प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली के पश्चिम विहार में एक प्रॉपर्टी डीलर की हत्या की गई है। शुक्रवार सुबह इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया। राजकुमार दलाल नाम के कारोबारी की हत्या तब हुई जब वह अपनी फॉर्च्यूनर कार में बैठकर जिम जा रहे थे। दिल्ली पुलिस को एसबीआई कॉलोनी के सामने एक गाड़ी पर कई राउंड फायरिंग की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने तुरंत राजकुमार को अस्पताल पहुंचाया जहां, डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि राजकुमार को निशाना बनाकर 8-10 राउंड फायरिंग की गई। हत्या किसने और क्यों की यह अभी साफ नहीं है।

### म्यांमार में मृतकों की संख्या 3,649

**यांगून, (ईएमएस)।** म्यांमार में पिछले दिनों आए विनाशकारी भूकंप के बाद से गुरुवार तक 2.8 से लेकर 7.5 तीव्रता के 112 झटके महसूस आ चुके हैं। म्यांमार के मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के मांडले क्षेत्र में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था, जिसके कुछ ही मिनट बाद 6.4 तीव्रता का दूसरा झटका आया, जिससे जानमाल का भारी नुकसान हुआ। यूएन, अमेरिका, भारत, पाकिस्तान, रुस, चीन यूरोपीय संघ, कई अन्य देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने म्यांमार में भूकंप पीड़ितों के लिए मदद और बचाव दल भेजे हैं।

### सीएम हाउस घेरने जा रहे कांग्रेसियों को रोका

**पटना, (ईएमएस)।** बिहार में सीएम हाउस का घेराव करने निकले कांग्रेसियों का प्रदर्शन महज एक घंटे में ही खत्म हो गया। सीएम से 3 किमी पहले ही पुलिस ने उन्हें रोक दिया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों में नोकझोंक भी हुई। इस दौरान भीड़ पर वाटर कैनन मारकर कंट्रोल किया। इधर, प्रदर्शन में शामिल राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट कुछ दूर चलकर वापस लौट गए। कन्हैया कुमार और यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कन्हैया कुमार के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी सीएम नीतीश से मुलाकात करना चाहते थे। कन्हैया ने 26 दिनों तक बिहार की यात्रा की, जो 10 अप्रैल को खत्म हुई।

## राणा भारत की गिरफ्त में और चर्चा दुनियाभर में, अमेरिका ने जताई खुशी तो...

# राणा के प्रत्यर्पण से पाकिस्तान में खलबली

**नई दिल्ली, ईएमएस।**

मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर अमेरिका ने जहां खुशी जाहिर की है, वहीं पाकिस्तान से नाराजगीभरे स्वर सुनाई दे रहे हैं। अमेरिका ने भारत को भरोसा दिलाया है कि आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे। अमेरिका में एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि अमेरिका ने मुंबई हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने के भारत के प्रयासों का लगातार समर्थन किया है। उन्होंने राणा के प्रत्यर्पण पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि वह अब भारत के कब्जे में है और हमलों में उसकी भूमिका के लिए उसे मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। ब्रूस ने कहा, 9 अप्रैल को अमेरिका ने तहव्वुर हुसैन राणा को भारत प्रत्यर्पित किया ताकि वह 2008 के भयानक मुंबई आतंकवादी हमलों की योजना बनाने में अपनी भूमिका के लिए न्याय का सामना कर सके। इन हमलों में 166 निर्दोष लोगों की जान गई थी, जिनमें छह अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे। ये हमले पूरी दुनिया को हिला कर रख देने वाले थे। उन्होंने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका लंबे समय से भारत के इन प्रयासों का समर्थन करता रहा है कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा दी जाए। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भी कहा है, अमेरिका और भारत मिलकर वैश्विक आतंकवाद के खतरे से लड़ना जारी रखेंगे। राणा अब भारत की हिरासत में है और हम इस परिणाम को लेकर खुश हैं। इससे पहले गुरुवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने कई वर्षों की सतत और संगठित कोशिशों के बाद तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। एनआईए के अनुसार, राणा को अमेरिका में न्यायिक हिरासत में रखा गया था और भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत भारत की ओर से प्रत्यर्पण की कार्यवाही चलाई गई थी।



### बौखलाया पाकिस्तान फिर उगल रहा जहर

तहव्वुर राणा को भारत लाने से सबसे ज्यादा दुख पाकिस्तान को हुआ है क्योंकि राणा मूल रुप से पाकिस्तान था, जिसने बाद में कनाडा की नागरिकता लेकर वहीं बस गया। अब पाकिस्तान के भी सुर बदले नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान का विदेश मंत्रालय तहव्वुर राणा को कनाडाई नागरिक बताकर इस मामले से अपना पल्ला झाड़ चुका है। दिल्ली में रह चुके पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक अब्दुल बासित ने कहा है कि भारत ने अजमल कसाब को बहुत जल्दी में फांसी दी थी, क्योंकि उसका मकसद सबूत मिटाना था। अब्दुल बासित ने कहा कि कई लोगों का मानना है कि अजमल कसाब पाकिस्तानी नागरिक नहीं था, इस पर काफी विवाद है।

### जो होगा देखा जाएगा...की तर्ज पर सुबह देर तक चादर तानकर सोता रहा राणा

मुंबई हमले का आतंकी तहव्वुर राणा अभी एनआईए की कस्टडी में है। देर रात पेशी के बाद एनआईए को 18 दिन का रिमांड मिला है। इसके बाद राणा को उसके ठिकाने पर लाया गया जहां वो चादर तानकर लगभग 9 बजे तक सोता रहा। उसे किसी ने जगाने की कोशिश नहीं की। जिस तरह से राणा सोया उससे लगता था कि जो होगा देखा जाएगाज की तर्ज पर नींद लेता रहा। सूत्रों का कहना है कि एनआईए की रिमांड मिलने के बाद तहव्वुर राणा को जल्द ही नींद आ गई। सुबह आठ बजे तक वह नींद में ही था। एनआईए के अधिकारियों ने जब जाकर चेक किया कि आतंकी तहव्वुर जगा है या नहीं, तो उसे गहरी नींद में ही पाया। उसे जगाने की कोशिश नहीं की। इसका कारण है कि एनआईए को 18 दिनों की रिमांड मिली है। एनआईए के पास मुंबई अटैक का राज उगलवाने के लिए अब 18 दिनों का वक्त है। मुंबई हमलों के मास्टेरमाइंड तहव्वुएर हुसैन के खिलाफ कोर्ट में एनआईए का पक्ष रखने की जिम्मैदारी सीनियर एडवोकेट और क्रिमिनल मामलों के एक्सनपर्ट दयान कृष्णीन केंद्रीय जांच एजेंसी की तरफ से पक्ष रखेंगे।

## संजय राउत का दावा: सरकार बिहार चुनाव के दौरान राणा को देगी फांसी

**मुंबई, (ईएमएस)।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि मुंबई आतंकी हमलों का साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि सरकार बिहार चुनाव के दौरान ऐसा करेगी। राणा को अमेरिका से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कराने के बाद भारत लाया गया है और फिर उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा को गुरुवार को एक विशेष विमान से दिल्ली लाया गया, जिससे कई दिन से जारी इन अटकलों पर विराम लग गया कि उसे कब और कैसे प्रत्यर्पित किया जाएगा। राउत ने मांग की कि कुलभूषण जाधव को वापस लाया जाए। जाधव को 2016 में गिरफ्तार कर लिया गया था और कथित जासूसी के लिए पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने उसे मौत की सजा सुनाई थी।

# पीएम मोदी की वाराणसी को करोड़ों की सौगात

### कहा- काशी के स्वयं महादेव रखवाले

**वाराणसी, ईएमएस।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी दौरे पर पहुंचे हैं। उनका विमान बाबतपुर एयरपोर्ट पर उतरा, जहां उन्होंने मौजूद अधिकारियों से छात्रा रेप मामले की जानकारी ली और सख्त निर्देश दिए। इसके बाद एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर के द्वारा मेंहदीगंज के लिए रवाना हुए जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार सुबह काशी पहुंचे और बाबतपुर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से मेंहदीगंज स्थित जनसभा स्थल पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज की काशी सिर्फ पुरातन नहीं बल्कि प्रगतिशील भी है।

**सपा नेताओं को किया नजरबंद, अब हो रही निंदा:** पीएम नरेंद्र मोदी की सभा के दौरान कोई बाधा न आए इसके लिए समाजवादी पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं को नजर बंद कर दिया गया है। जब तक पीएम मोदी यहां से सभा करके चले नहीं गए तब तक इन नेताओं को घर से बाहर नहीं निकलने दिया।



### महात्मा फुले को पीएम मोदी ने किया याद

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** महात्मा ज्योतिबा फुले की आज जयंती हैं। देश के प्रति उनके योगदान को लोग याद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर एक वीडियो शेयर कर महात्मा फुले को याद किया। उनके अमूल्य योगदान को हर पीढ़ी के लिए प्रेरित करने वाला बताया। पीएम मोदी ने %एक्स% पोस्ट पर लिखा, मानवता के सच्चे सेवक महात्मा फुले को उनकी जयंती पर सादर नमन। उन्होंने समाज के शोषित और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश के लिए उनका अमूल्य योगदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

### एयरपोर्ट पर ही छात्रा रेप मामले की ली जानकारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के 50वें दौरे पर पहुंचे। जैसे ही उनका विमान बाबतपुर एयरपोर्ट पर उतरा, उन्होंने हाल ही में शहर में घटी बलात्कार की जघन्य घटना को लेकर अधिकारियों से तत्काल रिपोर्ट तलब की। उन्होंने पुलिस आयुक्त, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से विस्तृत जानकारी ली और घटना को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए नाराजगी जाहिर की।

## आसमान में पंखों की तरह बिखरा हेलीकॉप्टर नदी में गिरा, 6 की मौत

**न्यूयॉर्क (ईएमएस)।** न्यूयॉर्क सिटी की हडसन नदी के ऊपर से गुजर रहा एक टूरिस्ट हेलीकॉप्टर देखते ही देखते आसमान में पंखों की तरह बिखर गया। और नदी में गिर गया। इस हादसे में तीन बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में स्पेन से आए एक ही परिवार के पांच सदस्य और पायलट शामिल हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने दुखद हादसे की पुष्टि करते हुए कहा, इस वक्त तक सभी छह पीड़ितों को नदी से बाहर निकाला जा चुका है और दुर्भाग्यवश सभी को मृत घोषित कर दिया गया है। यह एक दिल तोड़ देने वाली और दुखद दुर्घटना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी हादसे पर दुख जताया। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन्होंने लिखा, हडसन नदी में भयावह हेलिकॉप्टर दुर्घटना। ऐसा प्रतीत होता है कि पायलट, दो वयस्क और तीन बच्चे अब हमारे बीच नहीं रहे। दुर्घटना का वीडियो बेहद भयानक है। भगवान मृतकों के परिवार और मित्रों को संबल दे। उन्होंने यह भी बताया कि परिवहन सचिव शॉन डफी और उनकी टीम इस मामले की जांच में जुट गई है और जल्द ही विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। न्यूयॉर्क पुलिस कमिश्नर जेसिका टिश के अनुसार यह हेलीकॉप्टर टूरिस्ट कंपनी द्वारा संचालित किया जा रहा था। हेलिकॉप्टर ने शाम 3 बजे डाउनटाउन हेलीपैड से उड़ान भरी थी और हडसन नदी के ऊपर उत्तर दिशा में जा रहा था। जब यह जॉर्ज वॉशिंगटन ब्रिज के पास पहुंचा तो यह दक्षिण की ओर मुड़ा और कुछ ही मिनटों बाद लगभग 3¬15 बजे नीचे की ओर उलट कर पानी में गिर पड़ा और डूब गया।



## हिमाचल में बारिश और ओलों से फसलें तबाह

**शिमला, (ईएमएस)।** हिमाचल प्रदेश पर मौसम मेहरबान है और प्रदेश में फिर झमाझम बारिश हुई। गुरुवार को मंडी, कुल्लू, शिमला समेत कई जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। हालांकि ओलावृष्टि से प्रदेश के बागवानों को भारी नुकसान हुआ है और सेब की फसल पर असर पड़ा है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम सुहावना हो गया है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार दोपहर बाद प्रदेश में मौसम ने करवट ली। इस दौरान कुल्लू में बारिश और ओले गिरे। बंजार उपमंडल में ओलावृष्टि से कई क्षेत्रों में किसानों और बागवानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ। ओलावृष्टि के कारण नाशपाती, प्लम, खुरमानी, सेब की फ्लावरिंग और मटर की फसल को भारी नुकसान हुआ। बंजार उपमंडल के प्रभावित किसानों और बागवानों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि कुल्लू जिले में लंबे समय के बाद मौसम खराब हुआ है। झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है।

## वक्फ पर एनडीए में दरार

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** नया वक्फ कानून बनकर तैयार हो गया है और 18 अप्रैल से इसे लागू करने की संभावना भी जताई जा रही है। इससे पहले एनडीए के घटक दल नेशनल पीपुल्स पार्टी इंडिया (एनपीपी) के नेता व मणिपुर के क्षेत्रगाओ निर्वाचन क्षेत्र से विधायक शेख नूरुल हसन ने सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। इसके अलावा टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने भी शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए, इसे रद्द करने की मांग की है।

मणिपुर में एनडीए के घटक एनपीपी के विधायक हसन ने शीर्ष अदालत में दाखिल अपनी याचिका में वक्फ कानून में किए गए उस बदलाव पर चिंता जाहिर की है, जिसमें इस्लाम का पालन करने वाले अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को अपनी संपत्ति वक्फ को देने से वंचित किया गया है। याचिका में कहा गया है कि यह उनके अपने धर्म का पालन करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। याचिका में कहा गया वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की धारा 3ई अनुसूचित जनजाति के सदस्यों (पांचवीं या छठी अनुसूची के तहत) के स्वामित्व वाली भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित करने से रोकती है। एनपीपी विधायक ने अपनी याचिका में कानून में किए गए संशोधन न सिर्फ मनमाना है बल्कि मुस्लिम धार्मिक संपत्तियों को नियंत्रित करने का प्रयास है। याचिका में कहा गया है कि कानून में किए गए संशोधन मनमाने प्रतिबंध लगाता है और इस्लामी धार्मिक बंदोबस्तों पर राज्य नियंत्रण बढ़ाता है।

## मेरे घर में कोई फैक्ट्री नहीं चल रही



**मंडी (ईएमएस)।** भाजपा सांसद कंगना रनौत को लगभग एक लाख का बिल थमा था। इससे भड़की रनौत ने पूछ लिया कि क्या मेरे घर कोई फैक्ट्री चल रही है। अपने गृह क्षेत्र सरकाघाट में जन संपर्क अभियान के दौरान कंगना ने कहा कि मनाली स्थित उनके घर में पहले 5-6 हजार के करीब ही बिल आता था, लेकिन अब वही बिल 80-90 हजार आ रहा है। कंगना ने कहा कि 6 बेडरूम वाले उस घर में अधिकतर समय 3-4 नौकर के अलावा और कोई नहीं रहता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उस घर में अलग से न तो उन्होंने कोई फैक्ट्री लगाई है और न ही काई घराट वहां लगा है। फिर बिजली का बिल 5 हजार से 90 हजार कैसे पहुंच गया।

## हाईकोर्ट ने केंद्र से पूछा बंगाल में कब शुरू होगी मनरेगा योजना

**कोलकाता, (ईएमएस)।** जनहित की योजना मनरेगा को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। कोर्ट केंद्र सरकार को फटकार लगाते हुए पूछा है कि पश्चिम बंगाल में मनरेगा योजना को आखिर कब से फिर से शुरू किया जाएगा। अदालत ने साफ कहा कि फंड को हमेशा के लिए रोका नहीं जा सकता। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और जस्टिस चैताली चटर्जी की बेंच ने यह टिप्पणी की। कोर्ट ने पूछा कि जब पूरे राज्य में गड़बड़ी केवल चार जिलों में हुई है, तो बाकी जिलों में योजना क्यों न शुरू की जाए?

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि चार जिलों हुगली, पूर्व बर्दवान, मालदा और दार्जिलिंग जीटीए में गड़बड़ी पाई गई थी। खुद राज्य सरकार ने भी इस बात को माना है। राज्य सरकार ने बताया कि इन चार जिलों में से 2.37 करोड़ रुपये वापस वसूल लिए गए हैं। जबकि कुल गड़बड़ी 5.37 करोड़ की थी। केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि 15 जिलों की जांच की गई है, लेकिन कोर्ट ने कहा कि उसके पास जो दस्तावेज हैं, वे सिर्फ चार जिलों की जानकारी देते हैं। कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या बाकी जिलों में भी ऐसी ही सिफारिशें की गई थीं? और अगर नहीं, तो योजना को फिर से शुरू क्यों न किया जाए?



## वकील ने जज को कहा गुंडा, कोर्ट ने भेजा जेल

**प्रयागराज, (ईएमएस)।** भरी अदालत में सुनवाई के दौरान वकील साहब गुस्से में तमतमाते हुए जज के सामने खुले बटन की शर्ट पहनकर पहुंच गए। एडवोकेट अशोक पांडे को जज के प्रति ऐसा रवैया भारी पड़ गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वकील को 6 महीने जेल की सजा सुनाई है। साथ ही जुर्माना भी लगाया है। खबर है कि पांडे ने सुनवाई के दौरान जजों को गुंडा कह दिया था। इसके अलावा अदालत ने उनके पहनावे पर भी सवाल उठाए थे, जिसके जवाब में पांडे नाराज हो गए थे।

कोर्ट ने पांडे को अदालत की आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराया है। कोर्ट ने आदेश दिया, अवमानना करने वाले को 6 महीने की कैद और 2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। अगर आज से 1 महीने के अंदर जुर्माना देने में असफल रहते हैं, तो उन्हें एक और महीने की सजा काटनी होगी।




बोस्टन में एक वकील लौरा फ्लोरेर्स पेरिला पत्रकारों से बात करती हुईं। लौरा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के उस आदेश को चुनौती देना है जिसमें विस्थापितों को पेरोल की सुविधा समाप्त करने की बात कही गयी है। (फोटो-ईएमएस)

## यूनुस सरकार ने निवेश के लिए किया आमंत्रित, मई में आएगा चीनी प्रतिनिधिमंडल, भारत को घेरने की है मंशा

# चीन बांग्लादेश में जल्द शुरु करेगा प्रोजेक्ट्स

**ढाका, (ईएमएस)।** चीन जल्द ही बांग्लादेश में अपने प्रोजेक्ट्स को शुरू करने की योजना बना रहा है। पिछले महीने ही मोहम्मद यूनुस ने बीजिंग का दौरा किया था, जिसमें उन्होंने चीन से बांग्लादेश में निवेश का आह्वान किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक मई में चीन के वाणिज्य मंत्री के नेतृत्व में एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल ढाका आ रहा है, जो बांग्लादेश में निवेश करने की संभावनाओं पर बातचीत करेगा। यह यात्रा सिर्फ एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल जैसी औपचारिक यात्रा नहीं है, चीन की इसके पीछे बहुत बड़ी जियो-पॉलिटिकल स्ट्रैटजी छिपी है, जो भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय बन सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक चीनी प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश में निवेश के नये रास्ते तलाशने के साथ डिफेंस सेक्टर, जल प्रबंधन और बुनियादी ढांचे को लेकर चर्चा करने वाली है। चीन लंबे समय से बांग्लादेश को अपने स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स रणनीति के तहत देखता है, जिसका मकसद एयरबेस और बंदरगाहों से भारत को घेरने का है। श्रीलंका के हम्बनटोटा पोर्ट से लेकर पाकिस्तान के ग्वादर और म्यांमार के क्यौकप्यू तक, चीन की रणनीति साफ संकेत देती है कि उसका मकसद भारत को घेरना है। लिहाजा वह बांग्लादेश में फौरन प्रोजेक्ट्स शुरू करना चाहता है। वहीं चीन की डिप्लोमेसी की सबसे खास बात यह है कि जब स्थिर राजनीतिक माहौल न हो, उस समय वह अपनी आर्थिक कूटनीति का इस्तेमाल करता है। उस दौरान वह निवेश और आधारभूत परियोजनाओं के जरिए देशों में अपनी पकड़ को मजबूत करता है। चीन को बांग्लादेश में हर हाल में रणनीतिक एसेट्स चाहिए और वह इसके लिए काम शुरू करेगा। खासकर तीस्ता प्रोजेक्ट पर चीन का फिलहाल सबसे ज्यादा फोकस है। भारत और बांग्लादेश के बीच तीस्ता जल विवाद एक पुराना मुद्दा है। भारत ने इसपर सालों से चर्चा की है लेकिन ठोस समाधान नहीं निकला। अब चीन इस परियोजना में निवेश करने की योजना बना रहा है।

इसके अलावा चीन का ध्यान ललमोनिरहाट एयरफील्ड पर भी है, जो कि उत्तर-पश्चिम बांग्लादेश में भारत की सीमा के बेहद करीब है। अगर यहां कोई चीनी निवेश होता है, तो यह नागरिक इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर एक संभावित ड्यूल-यूज सैन्य एयरबेस बन सकता है। भारत के लिए यह रणनीतिक खतरा होगा। खासकर तब, जब चीन पहले से ही डोकलाम और अरुणाचल में भारत को परेशान करने की कोशिश कर रहा है।



## इंडियन एयरफोर्स के पास फाइटर एयरक्राफ्ट और ट्रेनर एयरक्राफ्ट की है कमी

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** इंडियन एयरफोर्स के पास फाइटर एयरक्राफ्ट के साथ ही ट्रेनर एयरक्राफ्ट की भी कमी है, जिसे दूर करने के लिए हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (हैल) से ट्रेनर एयरक्राफ्ट खरीदने की डील साइन हुई है और ये ट्रेनर एयरक्राफ्ट इस साल सितंबर से मिलने की उम्मीद है। ट्रेनर एयरक्राफ्ट की कमी पूरी करने के लिए एयरफोर्स ट्रेनर एयरक्राफ्ट को लीज पर लेने के विकल्प पर भी विचार कर रही है। रक्षा मंत्रालय की तरफ से रक्षा मामलों की संसदीय कमेटी को यह जानकारी दी गई है। संसदीय कमिटी ने जब रक्षा मंत्रालय से एयरफोर्स के ट्रेनर एयरक्राफ्ट और सिमुलेटर की संख्या के बारे में पूछा तो रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एयरफोर्स के पास जो ट्रेनर एयरक्राफ्ट हैं उनमें बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट, इंटरमीडिएट जेट ट्रेनर और एडवांस्ड जेट ट्रेनर हैं। सभी मॉर्डन एयरक्राफ्ट के सिमुलेटर्स हैं। एयरफोर्स के पास ट्रेनिंग के लिए कुल 14 सिमुलेटर उपलब्ध हैं।



रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वर्तमान में एयरफोर्स के पास ट्रेनर एयरक्राफ्ट की कमी है। इस कमी को पूरा करने के लिए हैल के साथ 70 एचटीटी-40 इंडिजिनियस ट्रेनर एयरक्राफ्ट का समझौता हुआ है, जिसकी डिलवरी इस साल सितंबर से होगी। जब ये ट्रेनर एयरक्राफ्ट एयरफोर्स में ऑपरेशनलाइज हो जाएंगे उसके बाद 36 अतिरिक्त एचटीटी-40 लिए जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एयरफोर्स बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट लीज पर लेने के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है। करीब दो साल पहले कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्योरिटी ने एयरफोर्स के लिए 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट लेने को मंजूरी दी थी।

### मुख्यमंत्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर किया नमन

**भोपाल (ईएमएस)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा को समाज के कल्याण की कुंजी मानने वाले महात्मा फुले का जीवन शोषितों व वंचितों के उत्थान और महिला सशक्ति करण के लिए समर्पित रहा। उनके विचार समरस समाज के निर्माण के लिए सदैव सभी को प्रेरित करते रहेंगे।

### सेवानिवृत आईएएस आलोक श्रीवास्तव बने कायस्थम के सलाहकार

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश कैडर के पूर्व सेवानिवृत आईएएस आलोक श्रीवास्तव भी कायस्थम मध्य प्रदेश के सलाहकार होंगे। उन्होंने कायस्थम मध्य प्रदेश के सलाहकार के रूप में अपनी सहमति प्रदान की है। आलोक श्रीवास्तव की पहचान मध्य प्रदेश कैडर के सौम्य, मिलनसार और कर्मठ आईएएस अधिकारी के रूप में रही है। वह 1984 बैच के आईएएस अधिकारी रहे है और अप्रैल 2012 से केंद्र शासन में प्रतिनियुक्ति पर थे।

## फटाफट खबरें

### खेत में लगे पेड़ पर युवक ने फांसी लगाई

**भोपाल (ईएमएस)।** शहर के देहात इलाके के ईटखेड़ी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने खेत में लगे पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के परिवार वालो का आरोप है, कि उसकी एक महिला मित्र अचानक गायब हो हो गई थी। इस संबंध में पुलिस ने उसे फोन कर पूछताछ की थी। परिजनो का आरोप है कि पुलिस के डर के कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। मिली जानकारी के अनुसार ईटखेड़ी इलाके में स्थित ग्राम रायपुर में परिवार सहित रहने वाले राधेश्याम दांगी खेती-किसानी का काम करते है। उनका 22 साल का बेटा सतीश दांगी पिता के साथ खेती किसानी का काम करता था। गुरुवार दोपहर को सतीश परिवार वालो को बिना बताये अचानक कहीं चला गया, रात होने पर भी जब वह वापस नहीं लौटा तब चिंतित परिवार वालो ने उसकी खोजबीन शुरु की।

### सड़क हादसे में युवक ने तोड़ा दम

**भोपाल(ईएमएस)।** पुराने शहर के छोला मंदिर इलाके में सड़क हादसे में घायल हुए युवक की करीब 10 दिन चले इलाज के बाद आखिरकार मौत हो गई। थाना पुलिस के अनुसार सूखीसेवनिया इलाके में स्थित ग्राम इमलिया में रहने वाला 41 वर्षीय नारायण अहिरवार प्राईवेट काम करता था। बीती 1 अप्रैल को वह काम के चलते बाइक सेजा रहा था। ग्राम खेजड़ा तिराहे के पास पहुंचने पर अचानक आई तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्क र मार दी थी। घटना में उसे सिर सहित शरीर के कई हिस्सो में अंदरुनी घातक चोंटे आई थी। परिवार वालो ने उसे इलाज के लिए गोविंदपुरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उपचार के दौरान उसकी हालत लगातर चिंताजनक होती गई आखिरकार बीते दिन उसने दम तोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि पूर्व में अस्पताल से मिली सूचना पर मामले में एक्सीडेंट का प्रकरण दर्ज किया गया था।

### थाने पहुंची युवतियों में हुई हाथापाई

**भोपाल(ईएमएस)।** पुराने शहर के शाहजहांनाबाद थाना परिसर में बीते दिन उस समय अजीब नजारा देखने को मिला जब यहॉ शिकायत लेकर थाने पहुंचीं दो युवतियां आपस में ही झगड़ पड़ी। जुबानी तू-तू मैं-मैं से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा की दोनो के बीच थाना परिसर में ही हाथापाई होने लगी। उनके बीच हो रही मारपीट के बाद हंगामा और बढ़ गया जिसके चलते दोनों युवतियों के साथ आये लोग भी आपस में भिड़ गये। मामले में पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज किया है। युवतियों के बीच मारपीट की वजह एक युवक को लेकर बात करना है, इस युवक से एक युवती की सगाई हो चुकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुरानी अदालत के पास रहने वाली रजिया (परिवर्तित नाम) नामक युवती दोपहर के समय थाने पहुंची और बताया कि उसकी शादी की बातचीत एक युवक से तय होने के बाद उसके साथ सगाई भी हो गई है।

### कमरे में गए अधेड़ ने फांसी लगाई

**भोपाल (ईएमएस)।** शहर के बैरसिया थाना इलाके में रहने वाले एक अधेड़ ने बीती रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल खुदकुशी का कारण साफ नहीं हो सका है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक थाना इलाके के ग्राम बड़ोरी में रहने वाले 58 वर्षीय राजेश ने बीती रात परिवार के साथ खाना खाया और अपने कमरे में सोने के लिये चले गए। बाद में जब अन्य परिजन कमरे में पहुंचे तो उन्हें राजेश का शरीर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। परिजन उन्हें तुरंत ही फंदे से उतारकर इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेज दिया।

## जांच के लिए 11 वीं मंजिल पर जाने के लिये मरीज कर रहा था लिफ्ट का प्रयोग

# हमीदिया अस्पताल की लिफ्ट से जाने को लेकर वार्ड बॉय ने डायलिसिस पैशेंट की ऊंगली तोड़ी

**भोपाल(ईएमएस)।**

हमीदिया अस्पताल में बुधवार सुबह एक वार्ड बॉय ने डायलिसिस पैशेंट की लिफ्ट में सवार होने पर उससे विवाद करते हुए मारपीट कर उसकी ऊंगली मोड़ दी, जिससे उसमें फ्रेक्चर हो गया। घायल मरीज को ईको की जांच के लिए 11 वें फ्लोर पर जाना था।

वहीं वार्ड बॉय ने कहा कि लिफ्ट मरीजों के लिए नहीं है, इसके बाद विवाद करते हुए उसकी पिटाई कर दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी वार्ड ब्वॉय के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार जेपी नगर गौतम नगर में रहने वाले जितेन्द्र अहिरवार (34) ने अपनी शिकायत में बताया की वह गंभीर बीमारी से पीड़ित है, और बीमारी के कारण कोई काम नहीं करते हुए अधिकतर समय घर पर ही रहते हैं। इलाज के सिलसिले में बुधवार सुबह 8 बजे वह अपने भाई मनोज के साथ हमीदिया अस्पताल गए थे। यहॉ ए-ब्लॉक के तीसरे फ्लोर पर डॉ. प्रवीण सक्सेना के पास पहुंचे। उनके पर्चे पर ईको की जांच, एक्स-रे और ईसीजी की जांच लिखी थी। जितेन्द्र ने फर्स्ट



फ्लोर पर आकर एक्सरे की जांच कराई और उसके बाद दोपहर करीब एक बजे ईको की जांच कराने फर्स्ट फ्लोर से ग्यारहवें फ्लोर पर जाने के लिए लिफ्ट में सवार होने लगे। उसी दौरान वार्ड बॉय कन्हैया मिला और बोला कि लिफ्ट में कैसे बैठ रहे हो। इस पर जितेन्द्र ने उससे कहा कि मेरी दोनों किडनी खराब हैं, डायलिसिस मरीज हूं। इस वजह से जॉच कराने के लिये लिफ्ट का प्रयोग कर रहा हूं। इस पर वार्ड बॉय ने उनसे दुर्व्यवहार करते हुए कहा कि लिफ्ट तेरे लिए नहीं है, स्टॉफ के लिए है। उसके बात करने के रवैये पर जितेन्द्र ने आपत्ति की तब वार्ड बॉय कन्हैया ने गुस्से में आकर जितेन्द्र के साथ झूमाझटकी कर दी। और उनके दाहिने हाथ की ऊंगली को मोड़ दिया। उनके भाई मनोज ने जैसै-तैसै बीच-बचाव किया। फरियादी का आरोप है कि वार्ड बॉय कन्हैया ने उसे पुलिस में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। बाद में जितेन्द्र और उनका भाई मनोज कोहेफिजा थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

### पत्नी थाने पहुंची, पति ने थाने के बाहर खुद को लगा दी आग

**भोपाल(ईएमएस)।** पुराने शहर के गौतम नगर थाने के गेट के बाद शुक्रवार दिन के समय उस समय सनसनी फैल गई जब यहां एक युवक ने थाने के बाहर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। पुलिसकर्मियो ने फौरन ही उस पर पानी डालते हुए कंबल से उसे आग की चपेट से बचाकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। बताया गया कि युवक की पत्नी उसके खिलाफ शिकायत करने थाने पहुंची थी, अपने खिलाफ मामला दर्ज होने के डर से उसने खुद को आग लगाई। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से टीकमगढ़ का रहने वाला 30 वर्षीय सूरज ग्यासी निजी काक करता है, और टीला जमालपुरा में स्थित हरीजन बस्ती में प ी के मायके में रह रहा है।

## ठेकेदार ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल(ईएमएस)।** कोहेफिजा थाना इलाके में एयरपोर्ट रोड पर स्थित पंचवटी कॉलोनी में रहने वाले एक ठेकेदार ने फांसी लगाकर जान दे दी। शुरुआती जॉच के दौरान पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण सामने आ सके। पुलिस के अनुसार पंचवटी कॉलोनी में अपने



पिता के साथ रहने वाले सनी वर्मा पुत्र संजीव वर्मा (38) निजी मकान निर्माण ठेकेदारी का काम करते थे। वह विवाहित थे, लेकिन इन दिनो उनकी पत्नी मायके में रह रही थी। गुरुवार सुबह जब काफी देर तक सनी सोकर कमरे से बाहर नहीं आया तब पिता बेटे सनी को देखने के लिये उसके कमरे में पहुंचे तो यहॉ उन्हें बेटे का शरीर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। बाद में आसपास के लोग उनके घर पहुंचे इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जॉच के बाद शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जॉच टीम का कहना है कि परिजनो के डिटेल बयान दर्ज होने के बाद ही आत्महत्या का सही कारण सामने आ सकता है। आंशका है की पति-पत्नि के बीच किसी अनबन को लेकर हुए तनाव में उन्होने यह कदम उठाया होगा।

## यूपी के पूर्व मंत्री के बेटे और पत्नी के खिलाफ भोपाल में दहेज एक्ट दर्ज

### दहेज में तीन करोड़ और फॉर्च्यूनर कार मांगने का आरोप




**भोपाल(ईएमएस)।**

महिला थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री बादशाह सिंह के बेटे सहित अन्य के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला कायम किया है। पीड़िता का आरोप है, कि पति और सास शादी के बाद से ही तीन करोड़ की नगदी और एक फॉर्च्यूनर कार की डिमांड कर रहे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि राजदेव सिंह उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के कद्दावर नेता बादशाह सिंह का बेटा है। साल 2007 में बसपा सरकार के दौरान बादशाह सिंह मंत्री भी रह चुके है। मिली जानकारी के अनुसार राजघराने से संबध रखने वाली 29 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया की वह भोपाल में रहती है। साल 2022 में उसकी शादी मध्यप्रदेश के छतरपुर में रहने वाले राजदेव सिंह पुत्र बादशाह सिंह से हुई थी। शादी के बाद से वह छतरपुर में अपने पति राजदेव सिंह और सास रत्ना सिंह के साथ रहती थी। आरोप है कि साल 2024 से राजदेव सिंह और उसकी मां द्वारा दहेज में तीन करोड़ रुपए और एक फॉर्च्यूनर कार की मांग करते हुए लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

उनकी प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता छतरपुर से भोपाल आकर अपने रिश्तेदार के घर रहने लगी। पीड़िता के भोपाल आने के बाद दोनों परिवारों के बीच समझौते को लेकर कई बार बातचीत हुई और करीब दो महीने तक कोर्ट में पीड़िता और उसके पति की काउंसलिंग भी हुई। लेकिन जब दोनों परिवारो के बीच के कोई समझौता नहीं हुआ तब पीड़िता ने महिला थाने में दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज करा दिया। फिलहाल पुलिस आगे की जॉच कर रही है।

## जेल से छूटने के बाद फिर दुष्कर्म करने वाले बदमाश की तलाश जारी

**भोपाल(ईएमएस)।** शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने दुष्कर्म के ऐसे आरोपी की धरपकड़ के प्रयास कर रही है, जो 15 दिन पहले ही रेप के मामले में जेल से जमानत पर बाहर आया था। इसके बाद बदमाश ने फिर से युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी गुलाम के खिलाफ मामला कायम कर लिया। पुलिस ने बताया की आरोपी की धरपकड़ के लिये टीम बनाई गई है। टीम ने उसके कई संभावित ठिकानो पर दबिश दी लेकिन फिलहाल वह हत्थे नहीं चढ़ सका है। जानकारी के मुताबिक 18 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया था, की बीती 5 अप्रैल की सुबह के टहलते समय दूसरी मल्टी के पास पहुंची, तो वहां उसे आरोपी गुलाम मिला जिसने उससे बातचीत



की और बहाने से अपने घर ले गया। वहॉ ले जाकर आरोपी ने दरवाजा बंद कर उसे बंधक बना लिया और गलत काम करने लगा। पीड़िता ने जब उसका जमकर विरोध करते हुए उसके चुंगल से निकलकर भागने का प्रयास किया। तब आरोपी ने उसके साथ मारपीट करते हुए अपनी हवस का शिकार बना डाला। दुष्कर्म के बाद आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि उसने घटना के बारे में अपने परिजनो को बताया या पुलिस में शिकायत की तो वह उसे जान से मार देगा। उसकी धमकी के डर के कारण पीड़िता कुछ दिन तक खामोश रही लेकिन फिर हिम्मत कर सारी बात अपनी मां को बताई।

## अनामिका शर्मा अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन में ऐस्ट्रो क्वीन के एवार्ड से सम्मानित

**भोपाल (ईएमएस)।**

शहर में ऐसी अनेक प्रतिभाशाली महिलाएं हैं, जो न केवल घर परिवार के प्रति अपने उत्तर दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़कर झंडे गाड़ रही हैं।



ऐसी ही सक्रिय महिला अनामिका शर्मा एस्ट्रोलॉजी के क्षेत्र में नाम कमा रही हैं। हाल ही में उन्हें अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन में एस्ट्रो क्वीन के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसके पूर्व वे वर्ष 2021 में सुपरफेमें ग्रुप की मिसेज एमपी प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर अप रह चुकी हैं। वे समय - समय पर विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर समाजसेवा एवम जन कल्याण के कार्यों में अपनी भागीदारी देती हैं। आप वैदिक ज्योतिष एवम टैरो कार्ड रीडिंग की विधा में कुशल हैं।

## पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मिनाल में प्रभु आदिनाथ से महावीर तक धर्म यात्रा का अनुष्ठान भक्ति पूर्वक संपन्न

### भक्ति में झूमे श्रद्धालु, स्वर्ण कलशों से अभिषेक

**भोपाल(ईएमएस)।**

श्री पार्श्वनाथ जिनालय सर्व धर्म मंदिर मिनाल में भगवान आदिनाथ से भगवान महावीर तक धर्म यात्रा का अनुष्ठान भक्ति पूर्वक संपन्न हुआ। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि मिनाल जिनालय में प्रथम बार मिनाल जैन सामाजिक संस्थान ओर महिला संयोजिका समिति के तत्वाधान में 23 मार्च से निरंतर ऋषभदेव भगवानके जन्म कल्याणक से अनुष्ठान प्रारंभ हुआ , जिसमें प्रतिदिन श्री ऋषभदेव भगवान का 108 स्वर्ण कलशों से अभिषेक, वृहद शांतिधारा के साथ नवकार महा मंत्र ओर भक्तामर का संगीत मय वाचन हुआ। प्रति दिन महिला



संयोजिका समिति द्वारा अद्भुत आनंदमयी भक्तिमय भजन- संध्या में श्रद्धालु भक्ति नृत्य करते नजर आए। भजन संध्या मे प्रतिदिन नये - नये रंग की वेषभूषा और प्रभावना वितरण ने उत्सव को महोत्सव बना दिया। आचार्य श्री के संदेश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग से स्वस्थ की बात को पालन करते हुए भरत जैन के निर्देशन में विशाल अर्हम ध्यान योग के द्वारा कायोत्सर्ग, प्राणायाम, ध्यान की आध्यात्मिक यात्रा कराई गई। श्रद्धा और भक्ति से भरे 20 दिवसीय अनुष्ठान के समापन भगवान पार्श्वनाथ के स्वर्ण कलश के अभिषेक के साथ हुआ। पंडित आशीष जैन के निर्देशन में विधि विधान से श्री पार्श्व नाथ और श्री महावीर विधान हुआ।

## निगम अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

**भोपाल (ईएमएस)।** नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए ठेले, गुमठी, चादर के टुकड़े आदि जप्त किए साथ ही ट्राफिक पुलिस को सहयोग देकर बुधवारा-इतवारा क्षेत्र से चार पहिया वाहन जप्त किए तथा जिला प्रशासन की कार्यवाही में सहयोग करते हुए माता मंदिर बीडीए कालोनी से 01 अवैध मकान को भी तोड़ा। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शुक्रवार को कोलार रोड, डीमार्ट, सीआई तिराहा, दानिश चैराहा, हमीदिया रोड, गुरूद्वारा नानकसर, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म क्र.06, डीआईजी बंगला चैराहा, बैरागढ़ मल्टी लेबिल पार्किंग, नबीबाग, करोद चैराहा, अशोका गार्डन, एकतापुरी, बुधवारा, इतवारा, जहांगीराबाद, लिंक रोड नं. 01,02, एवं 03, दानापानी, कान्हाकुंज, आई एस बी टी, गिरधर परिसर, शबरी नगर, अयोध्या नगर, अहिंसा विहार, रत्नागिरी, आनंद नगर आदि क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से लगी गन्ने की चरखी, ठेले, गुमठी, फर्नीचर की दुकान, भवन निर्माण सामग्री, कटआउट आदि के अतिक्रमणों को हटाते हुए 01 ठेला, 01 गुमठी, चादर के टुकड़े आदि जप्त किए।

## विकास कार्यों और गर्मी के कारण बढ़ रहा एक्यूआई लेवल

# मप्र के बड़े शहरों में बढ़ रहा प्रदूषण

**भोपाल,ईएमएस।**

मप्र में एक बार फिर से प्रदूषण बढ़ने लगा है। एयर क्वालिटी इंडेक्स(एक्यूआई) लगातार नीचे गिरता जा रहा है। तापमान बढने् के साथ ही अब इसमें और वृद्धि होगी। पराली जलाने से शहरों के सीमावर्ती इलाकों में पॉल्यूशन बढ़ रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी भोपाल के साथ ही इंदौर और ग्वालियर में हालत चिंताजनक बनी हुई है। अब गर्मी बढने् के साथ एक्यूआई बढ़ता रहेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इतना बढ़ता हुआ प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। एक्यूआई को 100 से अधिक होने पर हानिकारक माना जाता है। इससे वृद्धों, बच्चों और सांस के मरीजों को दिक्कत हो सकती है। एक्यूआई 200 से अधिक होने से यह आम लोगों के लिए भी हानिकारक हो सकता है। इससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो सकती है। आईआईटी इंदौर की स्टडी में यह सामने आया है कि मप्र में प्रदूषण का स्तर लगातार चिंताजनक बना हुआ है। प्रदेशवासी हर साल 70 से 80 दिन बेहद खतरनाक हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। पहले यह साल में 15-25 दिन होती थी। यहां दिल्ली-एनसीआर और उप्र की तुलना में प्रदूषण कम है, लेकिन, मौजूदा स्तर भी चिंताजनक है।

## बिजली कंपनी करा रही ट्रांसमिशन असेट का डिजिटलाइजेशन

**भोपाल,ईएमएस।** पावर ट्रांसमिशन कम्पनी अब प्रदेश में बिजली सब स्टेशनों और बिजली लाइनों के असेट मैपिंग का काम करा रही है। ट्रांसमिशन टॉवरों में कोई समस्या आने पर असेट मैपिंग से टावर की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी तुरंत मिल जाएगी। ट्रांसमिशन कंपनी के सभी एलिमेंट्स का डिजिटलाइजेशन होने से रिकार्ड व्यवस्थित रखने में आसानी रहेगी, साथ ही मोबाइल ऐप पर भी जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। इस मैपिंग में ट्रांसमिशन कंपनी की भूमि का भी रिकार्ड उपलब्ध रहेगा। डेशबोर्ड पर विस्तृत जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध रहेगी। जरूरत के पार्टस, उपकरण आदि के बारे में पूरी जानकारी मिलने से सुधार कार्य और मटेरियल का इंतजाम करने के समय में कमी आएगी।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक- 2 लोक निर्माण विभाग, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल

दूरभाष 0755 2465467

क्रमांक 01/व.ले.लि./सी. 2 / 2025-26 — भोपाल, दिनांक 04/04/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्यो हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैः-

| क्र | एन.आई.टी. क्र. | सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का नाम कार्य | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाखों में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1/SAC dt 04.04.2025 | 2025_CPA_415023_1 | सतपुड़ा भवन के तृतीय तल से छठवीं तल तक अग्नि बाधित भाग में विभिन्न अनुरक्षण, ए/ आर, एस / आर कार्य. | रू. 70.00 लाख (रू. सत्तर लाख) | रू. 10,000/- | रू. 2,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है. |
| 2. | 2/SAC dt 04.04.2025 | 2025_CPA_415024_1 | राजधानी उपसंभाग क्रमांक-2 के अधीन सी.पी.ए गेस्ट हाउस, सी.पी. ए, भवन एवं आवासीय भवनों में विभिन्न ए / आर, एस / आर / अनुरक्षण कार्य. | रू. 25.00 लाख (रू. पच्चीस लाख) | रू. 50,000/- | रू. 5,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है. |
| 3. | 3/SAC dt 04.04.2025 | 2025_CPA_415025_1 | राजधानी उपसंभाग क्रमांक-2 के अधीन 1100 क्वाटर्स, तुलसी नगर एवं अन्य आवासीय भवनों में विभिन्न ए/ आर, एस / आर / कार्य अनुरक्षण. | रू. 25.00 लाख (रू. पच्चीस लाख) | रू. 50,000/- | रू. 5,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है. |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22/04/2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री,
राजधानी संभाग क्रमांक- 2
लोक निर्माण विभाग,
ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल
दूरभाष 0755 2465467

G-11393/25


## ईडी की चार्जशीट में खुलासा

# सौरभ शर्मा के साले के नाम पर 14 कंपनियां

### दोस्त चेतन के नाम 5 एफडी, एक में सवा दो करोड़ जमा

**भोपाल,ईएमएस।**

आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा की हवाला कारोबारी लोकेश सदाशिवम के साथ भी बिजनेस की डील सामने आई है। ईडी की रिपोर्ट के अनुसार, लोकेश सदाशिवम के साथ सौरभ के परिवार का बिजनेस चला है। इनके बीच मित्रता रही है। इसी के चलते सौरभ की पत्नी दिव्या तिवारी और लोकेश सदाशिवम की मां एस. कंचना ने साथ मिलकर 'स्काई लॉक सिस्टम' नाम से कंपनी बनाई है। यह कंपनी पैसे ठिकाने लगाने के काम में उपयोग में लाई जाती रही है।

ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) भोपाल की चार्जशीट में खुलासा हुआ है कि आयकर विभाग द्वारा 19 दिसंबर की रात भोपाल के



मेंडोरी स्थित फार्म हाउस से जो इनोवा कार 52 किलो गोल्ड और 11 करोड़ कैश के साथ जब्त की गई थी, वह दिन में ही रोहित नगर से वहां ले जाकर खड़ी की गई थी। सौरभ शर्मा के ड्राइवर प्यारेलाल केवट को सौरभ के मौसा का लडक़ा विनय हासवानी पायलट करते हुए वहां तक ले गया था। यह कार दोपहर बाद ढाई बजे रोहित नगर से निकली और सीधे मेंडोरी पहुंची थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सौरभ ने इस गोल्ड को खुद का होने से इनकार किया है।

### खुद से ज्यादा चेतन के खाते में रखा पैसा

आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा ने खुद से ज्यादा पैसा चेतन सिंह गौर के बैंक खातों में जमा कर रखा है। सौरभ के स्कूली दौर के मित्र चेतन सिंह गौर के नाम पर सौरभ शर्मा ने 5 एफडी करा रखी थी। इसमें से अकेले एक एफडी 2 करोड़ 30 लाख रुपए से अधिक की है। साथ ही सौरभ के बैंक खातों में भी करोड़ों रुपए थे। इसका ब्योरा भी ईडी ने बैंक वार चालान में दिया है। सौरभ शर्मा के साले रोहित के नाम पर 14 फर्म रजिस्टर हैं, जिसमें से अधिकांश में उसकी प ी अनुभा तिवारी पार्टनर है। कुछ ऐसी कम्पनियां भी हैं, जिसमें ईडी ने पार्टनर्स का खुलासा नहीं किया है। ऐसी कम्पनियों में सनराइज बिल्डर्स, स्वास्तिक डेवलपर्स एंड प्रमोटर्स, माही फार्मेसी, साईंराम एसोसिएट्स, श्रीकृष्णा एसोसिएट्स शामिल हैं।

**पेयजल परिवहन संबंधी बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न**

**उमरिया, ईएमएस।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में पेयजल परिवहन संबंधी बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमरिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों के समस्त वार्डो में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।



**कलेक्टर ने की नगरीय क्षेत्रों के विकास कार्यों की समीक्षा**

**खरगोन, ईएमएस।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने 11 अप्रैल को जिले के नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक लेकर नगरीय क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी, सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे।



## संपादकीय

# डॉलर को यूआन की चुनौती और अमेरिका के अस्तित्व पर संकट

**वैश्विक** आर्थिक व्यवस्था में एक ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। कई दशकों से अमेरिकी डॉलर वैश्विक लेन-देन का केंद्र-बिंदु बना रहा। वैश्विक व्यापार में डॉलर मुद्रा की अंतरराष्ट्रीय स्वीकारता के कारण अमेरिका का प्रभुत्व कई दशकों से बना हुआ है। अब चीन का डिजिटल युआन (ई-सीएनवाय) उस वर्चस्व को चुनौती देने के लिए तैयार है। हाल ही में पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने डिजिटल युआन को एसियान और खाड़ी देशों के साथ क्रॉस-बॉर्डर लेन-देन में शामिल कर अंतर्देशीय व्यापार में ऐसा कदम उठाया है, जिसने वैश्विक व्यापार के स्विफ्ट सिस्टम की अपरिहार्यता को संकट में डाल दिया है। दो देशों के बीच लेन-देन में युआन की स्वीकारता का अर्थ है, वैश्विक व्यापार अब डॉलर के बिना भी संभव है। वर्तमान डॉलर व्यवस्था में लेन-देन की व्यवस्था से तेज़, सस्ता और सुरक्षित तरीके से संभव होगा। स्विफ्ट आधारित लेन-देन में 3 से 5 दिन का समय लगता है तथा इसमें भारी शुल्क लगता है। डिजिटल युआन की नई व्यवस्था में महज़ 7 सेकंड में ट्रांजैक्शन पूरा हो सकता है। वह भी 98 फीसदी कम लागत पर आयातक और निर्यातक लेन-देन कर सकेंगे। चीन की यह तकनीकी प्रगति अमेरिका और अमेरिकन डॉलर को चुनौती देने की स्थिति में है। जिस तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ बार शुरू करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी दादागिरी बताने का काम किया है, ऐसे समय पर चीन की यह चुनौती अमेरिका के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर सामने है। एक रणनीतिक भू-अर्थव्यवस्था की नींव चीन ने रख दी है। बीआरआई (बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव) से जुड़े देश अब चीन के युआन में व्यापार कर रहे हैं, जिसके कारण वैश्विक व्यापार में डॉलर पर निर्भरता कम या खत्म होने की उम्मीद बढ़ गई है। चीन द्वारा अमेरिका की आर्थिक कूटनीति तथा वैश्विक व्यापार में अमेरिका की कमाई को सीधी चुनौती चीन देने जा रहा है। अमेरिका की आर्थिक एवं सामरिक शक्ति का बड़ा आधार वैश्विक व्यापार में डॉलर मुद्रा का एकाधिकार है। ऐसे में यदि डॉलर का वैश्विक प्रभुत्व खत्म होता है तो अमेरिका को लडखडाने में देर नहीं लगेगी था। दुनिया के देश यदि डॉलर को दरकिनार कर अपने व्यापार को वैकल्पिक मुद्राओं में करने लगते हैं, तो ऐसी स्थिति में अमेरिका की वैश्विक दबाव की नीति कमजोर पड़ना तय है था। अमेरिका ने जो टैरिफ युद्ध शुरू किया है, उसने अपने मित्र देशों को भी एक तरह से चुनौती दी है था। चीन के साथ सीधे-सीधे आर्थिक युद्ध की शुरुआत कर दी है था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस कृत्य से दुनिया भर की अर्थ व्यवस्था गड़बड़ा गई है था। ऐसा करके अमेरिका ने खुद अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है था। चीन ने इसका जवाब देते हुए जिस तरह की चुनौती वैश्विक व्यापार में डॉलर मुद्रा और अमेरिका को दी है, वह ट्रंप ने सपने में भी नहीं सोचा होगा था। एक ही झटके में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ युद्ध शुरू करके सारी दुनिया के देशों को अमेरिका के खिलाफ खड़ा कर दिया है था। अंतरराष्ट्रीय जगत में यह एक ऐसा मोड़ है, जहाँ चीन अमेरिका को सीधे चुनौती दे रहा है था। चीन अब अमेरिका को चुनौती देने के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए खुद नियम बना रहा है। डिजिटल युआन वैश्विक वित्तीय सिस्टम को नया आकार दे रहा है। यह ऐसे समय पर हो रहा है, जबकि अमेरिका ने अपने दोस्तों को भी दुश्मन बना लिया है था। आर्थिक मंदी और वैश्विक लेन-देन में यदि यह प्रयोग सफल होता है तो इसमें ज्यादा से ज्यादा देश शामिल होंगे। चीन का अंतर्राष्ट्रीय दुनिया के लगभग 80 देशों के साथ बड़े पैमाने पर यह प्रयोग हो रहा है, जिस कारण अमेरिका को केवल आर्थिक ही नहीं, वैश्विक व्यापार और नीतिगत अस्तित्व का खतरा उत्पन्न हो गया है। टैरिफ युद्ध की यह लड़ाई अब टैंक और मिसाइलों के बल पर नहीं, बल्कि डिजिटल करेंसी, ट्रस्ट और आर्थिक लेन-देन की है। इसमें चीन ने अमेरिका के ऊपर तगड़ा प्रभावशाली हमला किया है। इस हमले से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हड़बड़ा कर रह गए हैं था। उन्होंने एक साथ कई मोर्चे अति उत्साह में खोल दिए हैं था। उनको लगता था, अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद उनके एक इशारे पर सारी दुनिया नाचेगी लेकिन चीन ने अब डोनाल्ड ट्रंप को उंगलियों पर नचाना शुरू कर दिया है था। चीन और उत्तर कोरिया जिस तरीके से तकनीकी के इस युग में अमेरिका की चुनौती का मुकाबला करने को तैयार दिख रहे हैं, उससे ऐसा लग रहा है कि अमेरिका का वर्चस्व उसी तरह से खत्म होगा, जैसे कभी सोवियत रूस का हुआ था।

**– सनत जैन**

## राज काज

### पीयूष गोयल की कारपोरेट जगत को चुनौती

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत के बड़े-बड़े कारपोरेट जगत को जिस तरह से चुनौती दी है। उसको बड़ी हिम्मत का काम बताया जा रहा है। पीयूष गोयल हमेशा राज्यसभा से चुने जाते थे। इस बार वह लोकसभा का चुनाव जीतकर केंद्रीय मंत्री बने हैं। इस बार उन्होंने बड़ी हिम्मत करके भारतीय कारपोरेट जगत को चुनौती देते हुए कहा , जब सारी दुनिया के कॉर्पोरेट एआई और ईवी और तकनिकी क्षेत्र में सारी दुनिया में अपना झंडा गाढ़ रहे हैं। तब भारत के उद्योगपति फूड डिलीवरी, इंस्टेंट ग्रोसरी,बैटिंग और गेमिंग के एप बना रहे हैं। यह कहकर उन्होंने भारतीय उद्योगपतियों की हकीकत को उजागर कर सीधे-सीधे चुनौती दी है। उद्योगपति इस चुनौती को किस तरीके से लेंगे, इसका पता तो भविष्य में ही चलेगा। पीयूष गोयल ने कहा तो सच है। लेकिन भारत में सच बोलना अपराध है। इतना तो उन्हें समझ ही लेना था।

### सुप्रीम कोर्ट ने बताई राज्यपालों की हैसियत

पिछले कुछ वर्षों से राज्यपाल राज्य सरकारों के ऊपर शासन कर रहे थे। संवैधानिक शक्ति यां लेकर जिस तरह से राजनीतिक एजेंडा राज्यपाल चला रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में राज्यपालों को उनके अधिकार बता दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बता दिया है राज्यपाल के सीमित अधिकार हैं। संविधान के अनुसार चुनी हुई सरकार बड़ी है। जिस तरह की फटकार सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों को लगाई है। उसमें सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों की क्या औकात है। इसको बता दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद शायद राज्यपाल इस बात को समझें। लोगों का कहना है सुप्रीम कोर्ट ऑर्डर करती रहती है। ऑर्डर मानना है या नहीं ,इसका फैसला राज्यपाल को करना है। जिन्होंने राज्यपाल बनाया है । निश्चित रूप से उनके आदेश पर वह काम करेंगे। उनकी रक्षा भी वही करेंगे, जिन्होंने उन्हें नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर से वह हटाए नहीं जा सकते हैं ।यह बात राज्यपाल अच्छी तरीके से जानते हैं।

### राज्यपाल आरएन रवि से इस्तीफा मांगा


सुप्रीम कोर्ट से राज्यपाल की भूमिका के बारे में फैसला आने के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अधिकांश विपक्षी दलों के राज्यों में राज्यपाल पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ता चला जा रहा है। विपक्षी दलों की जहां सरकार थी। वहां के राज्यपालों ने गैर संवैधानिक तरीके से राज्य सरकारों के बिलों को रोक रखा था। मुख्यमंत्री को काम नहीं करने दिया। राज्य सरकारों की छवि को खराब करने का काम किया। इसके बाद ऐसे राज्यपालों से इस्तीफा की मांग तेज हो गई है। स्तीफ़े होंगे या नहीं, यह तो भगवान ही जाने। विपक्षी दलों ने अब मोर्चा खोल दिया है।

# बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव से जुड़े जीवन-संकट



ललित गर्ग

भारत में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषतः गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है। लगातार बढ़ती गर्मी के आंकड़े एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के परिणामों और इसकी वजह से खड़े हुए संकट को ही दर्शा रहे हैं। अधिक तापमान पानी की गंभीर कमी का कारण बन सकता है, कृषि को प्रभावित कर सकता है और विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन सकता है। भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप लोगों की सेहत, कार्य-क्षमता और उत्पादकता पर गंभीर खतरा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। इस बार



बढ़ती गर्मी के पूराने सारे रेकॉर्ड तोड़ देने की चेतावनी दी जा रही हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। गुजरात एवं राजस्थन के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम, हमारी सुविधावादी जीवनशैली और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम से ही गर्मी कहर बरपाती है और प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने आती हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की ओर ध्यान देना होगा, अन्यथा आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति में स्टैन्स को स्थिर से उदार किया



प्रहलाद सबनानी

दिनांक 9 अप्रेल 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति की द्विमासिक बैठक में एकमत से निर्णय लेते हुए रेपो दर में 25 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6.25 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया है एवं इस मौद्रिक नीति में स्टैन्स को स्थिर (स्टेबल) से उदार (अकोमोडेटिव) कर दिया है। इसका आश्य यह है कि आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में वृद्धि नहीं करते हुए इसे या तो स्थिर रखेगा अथवा इसमें कमी की घोषणा करेगा। भारत में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने में मिली सफलता के चलते भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा यह निर्णय लिया जा सका है।

हाल ही के समय में अमेरिका द्वारा अन्य देशों से आयातित वस्तुओं पर भारी भरकम टैरिफ लगाने की घोषणा की गई है जिससे पूरे विश्व भर के लगभग समस्त देशों के शेयर बाजार में हाहाकार मच गया है एवं शेयर बाजार लगातार नीचे की ओर जा रहे हैं। ऐसे माहौल में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी करने की घोषणा एक उचित कदम ही कहा जाना चाहिए। वैसे भारत में मुद्रा स्फीति अब नियंत्रण में भी आ चुकी है एवं आगे आने वाले मानसून के दौरान भारत में सामान्य (103 प्रतिशत) बारिश होने का अनुमान लगाया गया है। इस वर्ष रबी के मौसम में गेहूं की बम्पर पैदावार होने का अनुमान लगाया गया है, सब्जियों एवं फलों की कीमत भारतीय बाजारों में कम हुई है, अतः कुल मिलाकर खुदरा महंगाई की दर 4 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी वर्ष 2025-26 में भारत में मुद्रा स्फीति की दर के 4 प्रतिशत के नीचे रहने का अनुमान लगाया गया है। साथ ही, वैश्विक स्तर पर लगातार बदल रहे घटनाक्रम के चलते कच्चे तेल के दाम भी तेजी से घटे हैं और यह 75 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से घटकर 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। भारत के लिए यह बहुत अच्छी खबर है, क्योंकि, इससे विनिर्माण इकाईयों की लाभप्रदता में वृद्धि होगी तथा देश में ईंधन की कीमतें कम होंगी और अंततः मुद्रा स्फीति की दर में और अधिक कमी होगी। भारतीय रिजर्व बैंक के लिए इससे आगामी मौद्रिक नीति के माध्यम से रेपो दर में और अधिक कटौती करना सम्भव एवं आसान होगा।

वैश्विक स्तर पर अमेरिका द्वारा छेड़े गए व्यापार युद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत अधिक विपरीत प्रभाव पड़ने की सम्भावना नहीं है और भारतीय रिजर्व बैंक के आंकलन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक विकास दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है और पूर्व में इसके 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था, अर्थात, अमेरिका द्वारा अपने देश में होने वाले आयात पर लगाए गए टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था पर केवल 0.2 प्रतिशत का असर होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था दरअसल निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर भी नहीं है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का केवल लगभग 16-17 प्रतिशत भाग ही अन्य देशों को निर्यात किया जाता है। इसमें से भी अमेरिका को तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का केवल लगभग 2 प्रतिशत भाग ही निर्यात होता है। अतः ट्रम्प प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों पर अलग अलग दर से लगाए गए टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर नगण्य सा प्रभाव पड़ने की सम्भावना है।

वैश्विक स्तर पर उक्त वर्णित समस्याओं के बीच भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अनुमान लगाया है कि वर्ष 2028 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं वर्ष 2025 एवं 2026 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रहेगी। पिछले 10 वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में 100 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इस वर्ष के अंत तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद का स्तर 4.27 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा, जो भारतीय रुपए में लगभग 360 लाख करोड़ रुपए बनता है। वर्ष 2015 से लेकर वर्ष 2024 तक के पिछले 10 वर्षों के समय में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुगना हो गया है। वर्ष 2015 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर (रुपए 180 लाख करोड़) का था और भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में 10वें क्रम पर था।

## सुविचार

खुशी तब होती है जब आप जो सोचते है जो कहते है और जो करते है, सब में संतुलन होता है।

**– विलियम शेक्सपियर**

हम जितना अध्ययन करते है, उतना ही हमे अपने अज्ञान का आभास होता जाता है। **– स्वामी विवेकानंद**

## हनुमान जयंती पर विशेष

### हनुमत-वंदना के दोहे



**- प्रो(डॉ)शरदनारायण खरे**

संकटमोचन देव हैं,कहते हम हनुमान।
असुर मारते,धर्म हित,जय हो दयानिधान।।
सदा राममय ही रहें,पावन हैं हनुमान।
जो उनके चरणों पड़े,उसकी रखते आन।।
रुद्र अंश धारण किया,राम हितैषी तात।
जय-जय हो हनुमान जी,देव सदा सौगात।।
भूत-पिशाचों पर कहर,हर संकट पर मार।
जहाँ रहें हनुमानजी,वहाँ पले उजियार।।
वायु पुत्र शत् -शत् नमन,विनती बारम्बार।
करना मुझ पर तुम दया,करो मुझे भव पार।।
लाल अंजना तुम सदा,रखना सिर पर हाथ।
कैसी भी विपदा पड़े,नहीं छोड़ना साथ।।
हनुमत तुम बलधाम हो,पावन और महान।
सारा जग तुम पर करे, हे भगवन् अभिमान।।
राम काज करके बने,रामदुलारे आप।
वेग,शौर्य,प्रतिभा,समझ,कौन सकेगा माप।।
कलियुग के तुम आसरे,परमबली वरदान।
ला दो इस युग में सुखद,फिर से नया विहान।।
शरद करे विनती सतत्,वंदन सौ-सौ बार।
हे भगवन् ! कर वो जतन,कभी न पाऊँ हार।।

**(प्राचार्य शासकीय जेएम सी महिला महाविद्यालय)**

## जरा हटके

# दुनिया के सबसे महंगे आम की कीमत है लाखों रुपए!

**टोक्यो (ईएमएस)।** क्या आपने कभी सोचा है कि एक आम की कीमत लाखों रुपये हो सकती है? जी हां, दुनिया का सबसे महंगा आम है 'ताइयो नो तमागो', और इसकी कीमत जानकर आप हैरान रह जाएंगे। ताइयो नो तमागो नाम जापानी भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब होता है 'सूरज का अंडा'।

ये नाम सुनने में ही कुछ अलग और खास लगता है, और इस आम की खासियतें भी कुछ ऐसी ही हैं। यह आम जापान के मियाज़ाकी नाम के एक इलाके में उगाया जाता है। वहां की मिट्टी, तापमान, और धूप इस आम को खास बनाने में मदद करते हैं। इस आम की एक खास बात ये है कि इसे उगाने के लिए बहुत ही बारीकी से ध्यान रखा जाता है। हर एक आम पर खास जाल डाला जाता है ताकि वो खुद-ब-खुद पेड़ से टूटकर नीचे गिर जाए और उसका आकार बिल्कुल गोल और चमकदार हो। इसे तैयार करने में मेहनत, समय और तकनीक लगती है। अब आते हैं सबसे चौंकाने वाले हिस्से पर इसकी कीमत। ताइयो नो तमागो की नीलामी जापान में होती है और वहां दो आमों की जोड़ी की कीमत लगभग 3 लाख जापानी येन तक पहुँच चुकी है। भारतीय रुपये में देखा जाए तो ये कीमत लगभग 1.7 से 2 लाख रुपये के बीच हो सकती है। यानी एक आम की कीमत करीब 80,000 से 1 लाख रुपये तक हो सकती है। ये आम अमीर लोगों के लिए एक शान बन चुका है। लोग इसे किसी खास मौके पर गिफ्ट करने के लिए खरीदते हैं, जैसे शादी, बर्थडे या फिर बिज़नेस गिफ्ट के तौर पर। इस आम में मिठास बेहद ज़्यादा होती है, और इसका रस भी बहुत ही स्वादिष्ट माना जाता है। हर आम का वजन लगभग 350 ग्राम से ज्यादा होता है, और इनका रंग एकदम लाल-सुनहरा होता है, जैसे कि सूरज की किरणें। इसे उगाने वाले किसान बहुत कम होते हैं, और हर साल केवल कुछ ही ऐसे आम तैयार होते हैं जो इस क्वालिटी को पूरा करते हैं। इसलिए इसकी डिमांड ज़्यादा और सप्लाई बहुत कम होती है, जिससे इसकी कीमत आसमान छू जाती है।

भारत में भी कुछ दुर्लभ और महंगे आम होते हैं, जैसे नूरजहाँ, जो मध्य प्रदेश में पाया जाता है और जिसका आकार एक-एक किलो से भी ज्यादा होता है। लेकिन अभी तक कोई भी आम ताइयो नो तमागो की कीमत के करीब भी नहीं पहुंचा है। मालूम हो कि जब भी हम आम की बात करते हैं, तो मन में रसीले, मीठे और गर्मियों के पसंदीदा फल की तस्वीर बनती है। भारत में दशहरी, लंगड़ा, अल्फांसो जैसे कई आम होते हैं जो स्वाद में बेमिसाल होते हैं।

## फोटो ऑफ द डे



**थाईलैंड में पारंपरिक नव वर्ष सोनगकरन समारोह से पहले हाथियों से पानी बौछार करायी जा रही। (फोटो-ईएमएस)**

## व्यंग्य

# अमरीकी टिकट बड़ा विकट

**हरि जोशी**

जो जो टिकिटार्थी हिंदुस्तान में निराशा को प्राप्त हो रहे हैं, या निकट भविष्य में होंगे, मेरी उन्हें सलाह है कि वे तत्काल अमेरिका का टिकट कटाएँ। उतरने के बाद वहाँ टिकट बहुत आसानी से प्राप्त हो जाते हैं। जितना शोरगुल छीना झपटी, सिर फुटौवल यहाँ करना पड़ता है, उसका सौवाँ भाग भी वहाँ संपन्न कर दिया तो निश्चिंत हो जाइए, टिकट मिलकर ही रहेगा।

एक भारतीय समाजसेवी अपने किसी संबंधी के पास अमेरिका पहुँच गए। कुछ दिनों में ही अमेरिका रास आने लगा। सोचा यदि यहाँ भी मैदान में उतरने का अवसर मिल जाए तो फिर कहना ही क्या। कुछ ही दिनों में उन्होंने चुनाव में खड़े होने की प्रत्याशा में अपने घर पर दरबार लगाना शुरू कर दिया। जब पास पड़ोस के शांतिप्रिय लोगों के घरों में, ज़्यादा शोरगुल के परिणामस्वरूप किचकिच होने लगी तो किसी सिरफिरे ने इनके लिए टिकट की व्यवस्था कर दी। आकर सूचना भी कर दी कि आपको जल्दी ही टिकट मिलने वाला है।

नेताजी खुश हो गए। अच्छा यहाँ भी हमारे महत्व को पहचाना जाने लगा। जैसे ही पुलिस ने आकर इन्हें टिकट थमाया, इनकी समझ में उस टिकट का अर्थ आया। उस टिकट का अर्थ, अर्थदंड होता है।

जो व्यक्ति समाज के नियमों का उल्लंघन करता है उसका अमेरिका और भारत दोनों जगह टिकट देकर सन्मान दिया जाता है। भारत में टिकट उपभोक्ता को निहाल करता है, जबकि अमेरिका में उलाल करता है। प्रथम ग्रासे माक्षिका पातं। अमेरिका में पहले ही अपराध करने वाले व्यक्ति के सामने भी पुलिसवाला आकर खड़ा हो जाएगा और नम्रता पूर्वक कहेगा सर आपने अमुक अपराध किया है अतएव यह दो सौ डॉलर का टिकट। स्पष्ट है अपराधी को बिना किसी ना नुकुर के दो सौ डालर का जुर्माना भरना पड़ेगा। हिंदुस्तान में जो व्यक्ति कई-कई अपराधों को सफलता पूर्वक संपन्न कर चुका होता है उसे आसन्न चुनावों में जनता के हृदय सम्राट के रूप में प्रचारित किया जाता है फिर उससे अनुरोध किया जाता है कि वह प्रत्याशी बन जाने के लिए टिकट स्वीकार करने की कृपा करे। बहुधा इस तरह की चरणस्पर्शीय प्रार्थना के आगे उसे झुकना ही पड़ता है।

यह पूरब है, वह पश्चिम है। यहाँ टिकट प्राप्त करके लोग हहराते हैं, और वहाँ टिकट लेने से लोग घबराते हैं। हिंदुस्तान में रेल में, बस में, विधानसभा या लोक सभा में सीटें कम, उम्मीदवार ज़्यादा इसीलिए धक्का-मुक्की। टिकट प्राप्त करने के लिए कोई न कोई सिफारिश करानी पड़ती है। और वहाँ कोई तनिक टेलीफ़ोन कर दे तो आसानी से टिकट मिल जाता है। यहाँ एक अनार सौ बीमार। वहाँ जिनके अनार उतने बीमार।

हिंदुस्तान में हर समय टिकट की बहुत मारामारी रहती है, जबकि अमेरिका में तनिक भी मारामारी हो जाए तो उसमें लिप्त रहने वाले व्यक्ति को टिकट मिल जाता है। भारतवर्ष में चुनाव में, हवाई यात्रा में या रेल में चलने के लिए टिकट लगता है, जबकि अमेरिका में पुलिस द्वारा सजा के चुनाव में, या जेल में डालने के लिए टिकट दिया जाता है।

## चिंतन-मनन

# कर्मयोग के बिना संन्यास नहीं

आज की चिंतनधारा में संन्यास और कर्मयोग को अलग-अलग करके देखा जा रहा है। महर्षि अरविंद ने अपने साधना-प्रम में संन्यास को कोई स्थान नहीं दिया। उन्होंने कर्मयोग का ही विधान किया। इसी प्रकार कई विचारधाराएं तो संन्यास-विरोधी भी हो गई हैं। किंतु मैं संन्यास और कर्मयोग में कोई विरोध नहीं देखता। मेरे अभिमत से कर्मयोग से साधना का प्रारंभ होता है और संन्यास उसकी चरम अवस्था है। देहमुक्त अवस्था को प्राप्त करने के लिए संन्यास की स्वीकृति अनिवार्य है और संन्यास तक पहुंचने के लिए कर्मयोग की साधना से गुजरना अनिवार्य है। कर्मयोग के बिना संन्यास नहीं और संन्यास के बिना मुक्ति नहीं। फिर दोनों में विरोध कैसे हो सकता है। संन्यास से मेरा मतलब किसी वेशभूषा से नहीं है। वह तो मात्र संन्यास की परिचायक है। उससे न केवल औरों को संन्यास का परिचय मिलता है, स्वयं साधक को भी अपनी साधना का भान रहता है। भगवान महावीर ने श्रमण-वेशधारण के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि संयम यात्रा के वहन के लिए तथा मुनि-स्वरूप के ग्रहण के लिए लोक में साधु-वेश का प्रयोजन है। इससे साधक को अपनी साधना का प्रतिपल ध्यान रहता है। इस प्रकार साधु-वेश का भी अपना महत्व और उपयोग है। किंतु संन्यास से यहां मेरा मतलब साधु-वेश से नहीं, आत्मा की उस स्थिति से है जब वह इंद्रिय-जगत से स्वयं ऊपर उठ जाती है। उस स्थिति में आए बिना कोई भी आत्मा अपना लक्ष्य पा नहीं सकती।

## रोचक

# चंद्रमा के दूरदराज के हिस्से की मिट्टी में पृथ्वी वाले हिस्से की तुलना में शुष्कता के संकेत

**बीजिंग,(ईएमएस)।**

चीनी वैज्ञानिकों ने बताया कि चंद्रमा के सुदूर भाग से प्राप्त मिट्टी और चट्टानों से संकेत मिलते हैं कि वह हिस्सा पृथ्वी की ओर वाले हिस्से की तुलना में अधिक शुष्क होगा। वैज्ञानिकों ने हालांकि कहा कि स्पष्ट तस्वीर के लिए और अधिक नमूनों की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि चंद्र आवरण में पानी की प्रचुरता यह समझाने में मदद कर सकती है कि चंद्रमा कैसे विकसित हुआ।

बीते साल चीन चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर उतरने वाला पहला देश बन गया था। अंतरिक्ष यान 'चांग ई 6' ने दक्षिण ध्रुव-'ऐटकेन बेसिन' से ज्वालामुखीय चट्टान और मिट्टी को निकाला था। 'चीनी विज्ञान अकादमी' ने बताया कि उन्होंने और उनकी टीम ने पांच ग्राम मिट्टी के नमूने लिए और फिर विस्तृत विश्लेषण के लिए इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप की मदद से 578 कणों का चयन किया।

उन्होंने बताया कि चंद्रमा के निकटवर्ती भाग से पिछले दशकों में एकत्र किए गए नमूनों की तुलना में इसमें पानी की प्रचुरता 1.5 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम से भी कम है। निकटवर्ती भाग से लिए गए नमूनों में यह मात्रा एक माइक्रोग्राम से लेकर 200 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम के बीच है।

## राज्यमंत्री ने सितपुरा की कन्या विद्यालय का किया निरीक्षण

**सतना, ईएमएस।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को अपने भ्रमण के दौरान रैगांव विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सितपुरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने पीएम श्री शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय में विद्यालय परिसर की स्वच्छता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों और छात्राओं से संवाद के माध्यम से शैक्षिक वातावरण की समीक्षा की।

## राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**सतना, ईएमएस।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

### फटाफट खबरें

## पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई, 242 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**खरगोन, ईएमएस।** जिले के बड़वाह थानाक्षेत्र में पुलिस और वन विभाग के संयुक्त अमले ने कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। शराब परिवहन मामले में पुलिस ने एक बाईक सहित आरोपी को 242 कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सुलगाँव तरफ से एक मोटर सायकिल सवार व्यक्ति शराब लेकर निकलने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर वन विभाग अमले के साथ चोरल नदी पुल के समीप झाडियों मे छिपकर निगरानी रखी गई। इसी दौरान मोटर साइकल पर बोरियां बांधे हुए संदिग्ध नजर आया। घेराबंदी कर रोका। चालक ने अपना नाम मोहन पिता रायसिंह अजनारे निवासी ग्राम मठ पलासिया होना बताया। बाइक पर एक बोरी में रबर ट्युब में 140 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा बड़ी बोरी में प्लास्टिक की पन्नीयों में कुल 60 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा छोटी बोरी में प्लास्टिक की पन्नीयों मे कुल 42 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 242 लीटर कच्ची महुआ शराब रखी हुई मिली। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

## पोषण पखवाड़ा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बुरहानपुर, ईएमएस।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में कार्ययोजना अनुसार आयुष विभाग द्वारा बुधवार को आलमगंज आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-1 में शासकीय यूनानी औषधालय व आंगनवाड़ी केन्द्र पलासुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान धात्री महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को संतुलित आहार से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं को प्रथम माह से 9 माह तक के आहार विहार को चार्ट के माध्यम से समझाया गया। कार्ययोजना अनुसार औषधियाँ का प्रथम माह में मुलेठी, अश्वगंधा आदि का उपयोग भी बताया गया। महिलाओं को गर्भावस्था में होने वाली समस्याओं से निजात पाने हेतु आहार-विहार व योगासान व ध्यान की भी जानकारी प्रदान की गई। ग्रीष्मकाल में लू, तापघात से बचाव हेतु पर्याप्त मात्रा में छाछ, निम्बू पानी, आम का पन्ना आदि पेय पदार्थ व तरल सूपचाय आहार का सेवन करने की सलाह दी गई।

### प्रधानमंत्री ने आनंदपुर धाम में गुरुजी महाराज के किए दर्शन, पूजन कर देशवासियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, एकता और शांति की कामना की

# अद्वैत महाराज के विचार में मिलेगा सभी समस्याओं का समाधान : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी







**अशोकनगर, ईएमएस।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जिले के ईसागढ़ तहसील में स्थित आनंदपुर धाम पहुंचे। यहाँ उन्होंने श्री परमहंस अद्वैत मंदिर में पूज्य गुरुजी महाराज की पूजा-अर्चना कर देशवासियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, एकता और शांति की कामना की और आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, ज्योतिरादित्य सिंधिया और अन्य गणमान्य नेता उपस्थित रहे। पीएम मोदी के आगमन से धाम में विशेष सुरक्षा और भव्य तैयारियां की गई थीं। श्री आनंदपुर धाम संत श्री संतोषदास महाराज की तपोस्थली रही है, जो नर्मदांचल क्षेत्र में एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र माना जाता है। यहां हर वर्ष लाखों श्रद्धालु देशभर से दर्शन के लिए आते हैं। पीएम मोदी ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और संत समाज से भी मुलाकात की।

प्रधानमंत्री ने संबोधन देते हुए कहा कि आनंदपुर धाम में आकर मन अभिभूत है। हृदय आनंद से भर गया। जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया हो, जहां परमार्थ परंपरा बन गया हो। वो धरती साधारण नहीं है। हमारे संतों ने अशोकनगर के बारे में कहा था कि यहां शोक आने से डरता है। इसके साथ ही उन्होंने एमपी की तारीफ भी। उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार अभी से ही उज्जैन सिंहस्थ की तैयरियों में जुट गई है। अभी कुछ दिन पहले ही रामनवमी का महापर्व भी था। हम देश में राम वन गमन पथ का विकास कर रहे हैं। इस राम वन गमन पथ का एक अहम हिस्सा मध्यप्रदेश से होकर गुजरेगा। हमारा एमपी पहले से ही अजब और गजब है। इन कार्यों से उसकी पहचान और मजबूत होगी। पीएम नरेंद्र ने चंदेरी हैंडलूम की तारीफ करते हुए कहा कि चंदेरी हैंडलूम को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए चंदेरी साड़ी को जीआई टैग दिया गया है। प्राणपुर में क्राफ्ट हैंडलूम टूरिज्म विलेज शुरू हुआ है। इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाईयों तक पहुंचने में गति मिलेगी।

**अद्वैत के ज्ञान में ही सभी समस्याओं का समाधान है**-पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया में भौतिक उन्नति के बीच मानवता के लिए युद्ध, संघर्ष, और मानवीय मूल्यों से जुड़ी बड़ी चिंताएं भी हमारे सामने हैं, इन चिंताओं, इन चुनातियों की जड़ में क्या है? इनकी जड़ में है अपने और पराये की मानसिकता, वो मानसिकता जो मानव को मानव से दूर करती है। आज विश्व भी सोच रहा है कि इनका समाधान कहाँ मिलेगा? इनका समाधान मिलेगा अद्वैत के विचारों में, अद्वैत यानि जहाँ कोई द्वैत नहीं है। उन्होने कहा, अद्वैत यानि जीव मात्र में एक ही ईश्वर को देखने का विचार, इससे भी आगे सम्पूर्ण सृष्टि को ईश्वर का स्वरुप देखने की सोच ही अद्वैत है। इसी अद्वैत सिद्धांत को परमहंस दयाल महाराज सरल शब्दों में कहते थे जो तू है सो मैं हूँ ये विचार मेरे और तुम्हारे का भेद खत्म कर देता है और ये विचार सब मान लें तो सारे झगड़े ही खत्म हो जायेंगे।

## सेवा की भावना सरकार की नीति और निष्ठा : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा सेवा से बड़ा कुछ नहीं है ये आनंदपुर धाम में आकर ये भी महसूस हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, सेवा की यही भावना आज हमारी सरकार के हर प्रयास के केंद्र में है आज हर जरूरतमंद खाने की चिंता से मुक्त है, हर गरीब और बुजुर्ग इलाज की चिंता से मुक्त है, हर गरीब पक्के घर की चिंता से मुक्त हो रहा है, आज गाँव-गाँव में पानी पहुंच रहा है, एम्स, आईआईटी, आईआईएम खुल रहे हैं गरीब के बच्चे भी इसमें पढ़ रहे हैं, पर्यावरण को बचाने एक पेड़ माँ के नाम योजना चल रही है देश इतना कुछ कर पा रहा है तो इसके पीछे हमारा सेवा भाव ही है। मोदी ने कहा, गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प, सबका साथ सबका विकास का मंत्र, सेवा की ये भावना आज हमारी सरकार की नीति भी है और निष्ठा भी है, उन्होंने कहा जब हम सेवा के संकल्प से जुड़ते हैं तो हम केवल दूसरों का भला ही नहीं करते, सेवा की भावना हमारे व्यक्ति त्व को भी निखारती है, हमारी सोच को व्यापक बनाती है, सेवा हमें व्यक्ति गत दायरों से निकालकर समाज और राष्ट्र , मानवता के बड़े उदेश्य से जोड़ती है।

## जलावर्धन एवं सीवरेज योजनाओं के काम समय सीमा में करें पूर्ण : कलेक्टर

**खरगोन, ईएमएस।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने 11 अप्रैल को जिले के नगरीय क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।उन्होंने निर्देशित किया कि 50 दिनए 100 दिन एवं 300 दिनों से अधिक की लंबित पर विशेष ध्यान दें और इनका प्राथमिकता के साथ निराकरण करायें। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता से बन रही जलावर्धन एवं सीवरेज योजनाओं का काम समय सीमा में पूर्ण किया जाए। जिन योजनाओं का काम अब तक प्रारंभ नहीं किया गया है उन्हें शीघ्रता से प्रारंभ किया जाए। कसरावद एवं करही की जलावर्धन योजना के कार्य में 02 से 03 दिनों के भीतर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर काम में प्रगति नहीं लाने पर ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करने एवं ठेका निरस्त करने के निर्देश दिए गए। मण्डलेश्वर की सिवरेज योजना का कार्य 03 माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने कहा गया। बड़वाह की जलावर्धन योजना में जून माह तक रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने कहा गया। इसी प्रकार सनावद एवं महेश्वर की योजनाओं के लिए आवश्यक राशि की मांग का प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड एवं डुप्लीकेट समग्र आईडी की जानकारी समीक्षा के लिए उपलब्ध नहीं कराने पर सनावद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## नवगठित जनहितैषी शिक्षक संघ ने 150 शिक्षकों को दिया जनहितेषी सम्मान

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एसपीएम नर्मदापुरम में गुरुवार को नवगठित जनहितैषी शिक्षक संघ नर्मदापुरम द्वारा शिक्षक सम्मान आयोजित कर जनहितैषी सम्मान से सम्मानित किया गया।



जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. राजेश जायसवाल जिला परियोजना समन्वयक,विशिष्ठ अतिथि सपना गोलहानी बीआरसी नर्मदापुरम एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.राजेश शर्मा, डॉ. उमंग अग्रवाल, संतोष शर्मा विकासखंड अकादमिक समन्वयक सिवनीमालवा, सपना श्रीवास्तव शिक्षिका शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बनाड़ा सिवनीमालवा एवम ब्लाक नर्मदापुरम के करीब 150 शिक्षको की उपस्थिति में सम्मानित किया गया । इस अवसर पर जनहितैषी शिक्षक संघ के श्री वाड़ीवा ने कहा कि डीपीसी की नई सराहनीय पहल सीटी बजाओ बच्चे बुलाओ का अवार्ड नई दिल्ली में मिल सकता है तो हम क्यो न् करें। सीवी वशिष्ठ, सुदीप जैवार, परम् सुख गढ़वाल, केके टेकाम द्वारा शाल, श्रीफल एवम शिक्षा हितेषी सम्मान का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया एवम सभी अतिथियों का भी शाल श्रीफल से स्वागत किया।जनहितैषी संघ के प्रयासों से अतिथियों द्वारा उपस्थित सभी शिक्षको का प्रशस्ति पत्र एवम स्मृति चिन्ह देकर सभी शिक्षको को सम्मानित किया गया।

## निमाड़ के सबसे ऊंचे निशान साहिब का बदला गया चोला

**खरगोन, ईएमएस।** गुरुद्वारा साहिब में शुक्रवार को खालसा साजना दिवस के उपलक्ष्य में निशान साहिब की सेवा की गई। श्री गुरुसिंघ सभा के प्रधान हरचरण सिंह भाटिया, सेक्रेटरी कमलजीत सिंह गांधी ने बताया कि सम्पूर्ण सिख समाज खालसा पंथ के स्थापना दिवस की वर्षगांठ को हर्षोल्लास के साथ मना रहा है, जिसके निमित्त निमाड़ के सबसे ऊंचे निशान साहिब के चोला बदलने की सेवा आज गुरुद्वारा साहिब में की गई। इस दौरान गायन किए गए गुरबाणी शब्दों और जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों से गुरुद्वारा साहेब गुंजायमान रहा। इसके साथ ही श्री अखंड पाठ साहिबजी की आरंभता हुई। सभा के खजांची गुरुभजन सिंह भाटिया, मीत प्रधान मनवीर सिंह भाटिया ने बताया कि शनिवार रात्रि एवं रविवार सुबह 10.30 बजे से गुरुद्वारा साहिब में मुख्य कीर्तन दीवान सजेगा।

## गौशाला मार्ग पर विराजे श्रीराधेकृष्ण, प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए विधायक पाटीदार

**खरगोन, ईएमएस।** शहर के काजीपुरा गौशाला मार्ग स्थित सगरवंशी माला समाज धर्मशाला में शुक्रवार को प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ ही शिक्षा एवं सामाजिक क्रांति की जनक ज्योतिराव- सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोहपूर्वक मनाई। यहां आयोजित समारोह में बतौर अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार भी शामिल हुए। आयोजित समारोह में विधायक पाटीदार ने कहा आप उन सगरवंशी महाराज के वंशज हो जिन्होंने गंगा को धरती पर लाने के लिए तप किया था, आप ने भी इस मंदिर में श्रीराम दरबार, शिव परिवार, हनुमंत के बाद अब राधेकृष्णजी की प्रतिमा स्थापित कर इस परिसर को तीर्थ बना दिया है। विधायक ने समाज की धर्मशाला के विकास कार्यो के लिए 10 लाख रुपए की विधायक निधि से सहायता देने की घोषणा भी की। पंडित राजेंद्र परसाई ने बताया कि प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत जलाधिवास, फलाधिवास, गृह स्थापना के साथ ही प्रतिमाओं को दसविधी स्नान के बाद विराजित किया गया। मुख्य यजमान जगदीश- ममता परमार ने प्राण- प्रतिष्ठा पूजन संपन्न किया। समाज के वरिष्ठ बाबूलाल राठौर ने बताया कि समाज की धर्मशाला स्थित मंदिर में श्री



राधाकृष्ण भगवान की प्रतिमाओं का तीन दिवसीय प्राण- प्रतिष्ठा समारोह समाजसेवी जगदीश परमार के परिवार द्वारा आयोजित किया गया। प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन विधायक पाटीदार ने स्थापित प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन कर महाआरती की। इस दौरान हवन पुर्णाहुति के बाद भंडारा प्रसादी का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में माली समाजजनों सहित क्षेत्रवासियों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान बतौर अतिथी नपाध्यक्ष श्रीमति छाया जोशी, किशोर परमार, कैलाश माली, सुरेश सोलंकी, समाज के सुदामा यादव, लोटन परमार, नीतेश मुछाल, किशोर पुजारी, भगवान सोलंकी, शंकर परमार, सतीष राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## सीएम राईज स्कूल प्राचार्य पर छात्रों ने किया प्राण घातक हमला!

### छेड़छाड़ की शिकायत वापस लेने के दबाव का लगाया आरोप

**खरगोन, ईएमएस।** शहर सीमा से लगे ग्राम टेमला में संचालित हो रहे सीएम राइल स्कूल के प्राचार्य पर स्कूल के ही दो छात्रों ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया है प्राचार्य ने आरोप लगाया कि पूर्व एवं वर्तमान छात्र के खिलाफ छेड़छाड़ एवं अभद्र व्यवहार की शिकायत की थी, जिसे वापस लेने के दबाव में प्राणघातक हमला कर दिया है। इस हमले की सूचना मिलने पर मप्र शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ ही विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने भी घायल प्राचार्य के अस्पताल पहुंचकर हाल जाने और घटना पर नाराजगी दर्ज कराई। उपचाररत प्राचार्य अशोक सिंह पंवार ने बताया कि गत वर्ष अगस्त और सितंबर माह के दौरान उन्होंने स्कूल के पूर्व छात्र और वर्तमान छात्र के खिलाफ मेनगांव थाने में दो अलग- अलग शिकायत दर्ज कराई थी, जिसका प्रकरण विचाराधीन है। इन मामलों में दोनों छात्र अपने दो दोस्तों के साथ उनसे कार्यालयीन समय में मिलने आए। वे स्टॉफ कक्ष में बैठे थे, दोनों ने शिकायत वापस लेने का दबाव बनाते हुए गाली- गलौच की, जब मौजूद स्टॉफ को वीडियो बनाने के लिए कहा तो दोनों उग्र हो गए और कुछ देर बाहर जाने के बाद दोबारा लौटे और टेबल पर लगे कांच को उठाकर मेरे सिर पर करीब 6 बार वार कर दिया। बार- बार वार करने से कांच फूट गया, उस फूटे कांच से भी मारा।



### शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

प्राचार्य पर हुए हमले की गंभीरता को देखते हुए मप्र शिक्षक संघ, राज्य शिक्षा संघ ने आ शि दर्ज कराया है। शाम को कलेक्टर- एसपी कार्यालय पहुंचे पदाधिकारी प्रांतीय उपाध्यक्ष रमेश पाटीदार, प्रांत सह संगठन मंत्री हीरालाल तिरोले जिलाध्यक्ष सुनील भावसार, नरेंद्र चौहान, संतोष पटेल सहित बड़ी संख्या में पहुंचे महिला शिक्षको ने भी घटना की निंदा करते हुए प्राचार्य पर हमला करने वाले लोगों की नामजद शिकायत करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### प्रकरण दर्ज कर करेंगे कार्रवाई

- प्राचार्य से मारपीट का मामला सामने आया है। प्राचार्य को सिर में गंभीर चोंटे आई है। शिकायत के आधार पर कार्रवाई करेंगे।- **धर्मराज मीना,एसपी खरगोन।**



## सकल दिगंबर जैन समाज ने मनाया महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

### विमान पालकी शोभायात्रा निकली

**नर्मदापुरम (ईएमएस)।** सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा वर्तमान शासन नायक श्री 1008 महावीर स्वामी भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार को हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। प्रातः पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सैकड़ो की संख्या में श्रावक श्रेष्टि परिवार उपस्थित हुए। यहां पर विनयपूर्वक श्रीजी की अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा संपन्न की गई। मंदिर से भव्य विमान पालकी शोभायात्रा द्वारा श्रीजी का नगर भ्रमण कराया गया। पालकी में विराजमान श्रीजी की भव्य मंगल आरती कर जैन समाज एवं व्यापारी वर्ग द्वारा जगह जगह भव्य अगवानी की गई।

श्री विद्यासागर प्रमाणिक पाठशाला द्वारा जन्मोत्सव की मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र रही।समाज अध्यक्ष संतोष जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी के उपदेश अहिंसा परमो धर्म,, जियो और जीने दो विश्व शांति के मूल मंत्र हैं। हर एक जीवित प्राणी के प्रति दया रखना जैन धर्म का मूल सिद्धांत है। समाज संरक्षक एवं ट्रष्टि एनसी जैन द्वारा वीर प्रभु के उपदेश का विमोचन पर वितरण किया गया एवं महावीर भगवान के उपदेश का आचरण करने से जीवन सफल होता है के महत्व को बताया।महावीर स्वामी के जन्म उत्सव के उपलक्ष में सामूहिक वात्सल्य भोज्य का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में समाज की ट्रष्टि मुन्नालाल जैन, डॉ. आरके जैन, दीपक जैन अधिवक्ता,एनसी जैन, नरेंद्र गोयल ,विकास जैन ट्रस्टी , प्रवीण जैन, अरुण जैन, समाज अध्यक्ष संतोष जैन, आलोक जैन, सचिव अभिषेक जैन, निर्दोष जैन, नीरज जैन,प्रशांत जैन, वीरेश जैन, संदेश जैन, पवन जैन, रतनलाल जैन, महावीर जैन, रोहन जैन, वरुण जैन, राजा जैन, राजेश जैन, रत्नेश जैन, आशीष मोदी, विशाल मोदी, दीपांशु जैन, चंद्रकांत जैन आदि उपस्थित हुए।

### प्रकृति का अनुपम वरदान है जल

## मंत्री पटेल ने ग्राम रीछई में किया विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

**नरसिहंपुर, ईएमएस।**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने करेली जनपद पंचायत रीछई में लगभग 50 लाख रुपए की लागत के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र, दाने दादा से मृगेन्द्रनाथ धाम की ओर सुदूर सड़क, सामुदायिक भवन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक दो का लोकार्पण और खेल मैदान समतलीकरण सीढ़ी एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र सिंह ठाकुर, श्री रामसनेही पाठक, अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामवासी मौजूद थे। यहाँ मंत्री श्री पटेल एवं अन्य अतिथियों ने श्री प्रमोद कुमार चौधरी का सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए श्री चौधरी द्वारा अपनी भूमि दान स्वरूप प्रदान की गई है। इसके पश्चात मंत्री श्री पटेल देवपुर के मृगेन्द्रनाथ जी मेला पहुंचे। यहां उन्होंने धाम पर जाकर दर्शन कर पूजा- अर्चना की और गौशाला पहुंचकर गौमाता को खीर- पुरी खिलाई। कार्यक्रम में मंत्री व अन्य अतिथियों ने संगीत मंडली को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल कहा कि आज श्री मृगेंद्रनाथ धाम आने का अवसर मिला है। यह धाम बहुत प्राचीन है। यहाँ से गहरा नाला का उद्गम हुआ है जो नर्मदा नदी में जाकर मिलता है। जिले में ऐसी बहुत कम नदियाँ है, जो नर्मदा में समाहित होती है। इस संबंध में उन्होंने सागर जिले के केसली जनपद के खैरी गांव का उल्लेख करते हुए बताया कि यह दो नदियों सुनार और सिंदूर का उद्गम स्थल है।मंत्री श्री पटेल ने बताया कि उनके गुरु परम पूज्य श्री श्री बाबा श्री जी ने कहा था कि नदी का उद्गम ऊर्जा और नदी का संगम जीवन देता है।

## साइबर क्राईम पर रोक नहीं, छात्र को नौकरी का झांसा देकर फंसाया

**बुरहानपुर, ईएमएस** पुलिस साइबर क्राइम को रोकने के लिए जितने जागरूकता अभियान चला रही है अपराधी उस से आगे बढ़कर अपने नेटवर्क को नए तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं जिसका एक मामला लालबाग पुलिस के सामने आया है जिस में राजपुरा कमल टॉकीज हाल हाजिर इंदिरा कॉलोनी निवासी कामिनी मावले सहित राकेश तायडे इंदिरा कॉलोनी मिलकर छात्र युवक सूरज गोपाल काले को नौकरी दिलाने के नाम पर बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र में खाता खुलाकर उसकी पासबुक एटीएम कार्ड लेकर उस खाते पर कोई 17 करोड़ के ट्रांजैक्शन कर धोखाधड़ी का मामला छात्र आवेदक की शिकायत के बाद सामने आया है, शिकायत के बाद लालबाग पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच की तो इस पूरे मामले के तार राजस्थान से जुड़े होने का खुलासा हुआ जहां प्रकाश गहलोत ने इस खाते पर करोड़ों के ट्रांजैक्शन किए हैं। लालबाग पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जांच में जुड़ गई है। इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार पाटीदार ने मीडिया को देते हुए बताया कि इस मामले में लालबाग पुलिस ने कामिनी मावले और उसके भाई राकेश मनोहर तायडे को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है, पुलिस अधीक्षक ने बताया की धारा 318(4) 61(2) 3(5) बी एन एम धारा 66 (डी) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस साइबर इम तथा नौकरी दिलाने अधिक धन कमाने की लालच के मामले पर लोगों को जागरुक कर रही है, वहीं इस प्रकार के साइबर अपराधी और जाल साज़ लोगों को फसाने में भी कामयाब हो रहे हैं।



## मप्र मुस्लिम त्योहार कमेटी ने किया वक्फ बिल का विरोध

**भोपाल,ईएमएस।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर देशभर में विरोध तेज होता जा रहा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के विरोध के बाद अब मध्य प्रदेश मुस्लिम त्योहार कमेटी ने भी इस बिल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कमेटी ने शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद भोपाल के इकबाल मैदान में विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया।



## भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस 2 स्लीपर कोच बढ़ाए

**भोपाल,ईएमएस।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, रेलवे ने (ट्रेन संख्या 12197/12198) में दो स्लीपर श्रेणी के कोच स्थायी रूप से जोड़ने का निर्णय लिया है। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में लिया गया यह फैसला यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। इस बारे में जानकारी देते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि ग्रीष्मकालीन सीजन में बढ़ती भीड़ और यात्रियों की संख्या में निरंतर हो रही वृद्धि को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।



### संगठन की मजबूती और सत्ता में वापसी पर होगा मंथन

# जबलपुर में होगा कांग्रेस का प्रांतीय अधिवेशन

**भोपाल,ईएमएस।**



गुजरात में राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद मध्य प्रदेश के जबलपुर में कांग्रेस का प्रांतीय अधिवेशन होगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी समेत कई बड़े नेता शामिल होंगे। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने बताया कि आइडियाज ऑफ एमपी के तहत संगठन का गठन होगा। मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बताया कि पार्टी का प्रांतीय अधिवेशन जबलपुर में होगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी समेत तमाम बड़े नेता शामिल होंगे। पीसीसी चीफ ने कहा कि आइडियाज ऑफ एमपी के तहत संगठन का गठन किया जाएगा।

ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी, मोहल्ला समितियों का एक साथ गठन होगा। जीतू पटवारी ने बताया कि 60 दिन के अंदर सभी कमेटियों का गठन होगा। अब प्रदेश अध्यक्ष की तरह जिला अध्यक्ष पावरफुल होंगे। जैसे जिले में मंत्री और प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष होता है वैसे ही जिला अध्यक्ष ताकतवर होंगे। आपको बता दें कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन बुधवार को गुजरात के अहमदाबाद में हुआ। वहीं राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद अब प्रांतीय अधिवेशन की तैयारी की जा रही है। यह अधिवेशन संभवत- मई में मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 2028 और 29 के चुनावों की रणनीति तय होगी। वहीं नगरीय निकाय-पंचायत चुनावों की तैयारी अधिवेशन से शुरू हो जाएगी।

### ताबड़तोड़ होंगी नियुक्तियां

प्रदेश स्तरीय अधिवेशन के पहले एमपी कांग्रेस के संगठन में ताबड़तोड़ नियुक्तियां की जाएंगी। प्रदेश भर में करीब 502 पीसीसी डेलीगेट्स नियुक्त किए गए थे। इनमें से विधानसभा, लोकसभा चुनाव के दौरान कई डेलीगेट्स पार्टी छोडक़र चले गए थे। कुछ नेताओं का निधन हो चुका है। ऐसे में इन डेलीगेट्स की जगह नई नियुक्तियां की जाएंगी। पचमढ़ी में होने वाले अधिवेशन में एमपी कांग्रेस संगठन के काम काज की पूरी दिशा तय होगी। जिला अध्यक्षों से लेकर ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर और बूथ तक के कामों की टाइमलाइन तय होगी। इस अधिवेशन के पहले जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्त की जाएगी। ताकि, नई टीम को आने वाले समय के कामकाज के तौर तरीके बताए, सिखाए जा सकें। कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने बताया कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की ये सोच है कि अहमदाबाद के राष्ट्रीय अधिवेशन की तर्ज पर हम मप्र में एक अधिवेशन करें। इस पर भी गंभीरता से मंथन चल रहा है कि ये अधिवेशन एक दिवसीय हो, या दो-तीन दिन का किया जाए।

### टिकट वितरण में जिला अध्यक्ष की होगी अहम भूमिका

अहमदाबाद के राष्ट्रीय अधिवेशन में ये तय हो गया है कि जिला अध्यक्षों की भूमिका संगठन में सबसे अहम होगी। संगठन में होने वाली नियुक्ति यों से लेकर टिकट वितरण में जिला अध्यक्षों का रोल सबसे अहम होगा। इस ऐलान के बाद एमपी में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के लिए नेताओं ने जोड़-तोड़ करना शुरू कर दिया है।

### अब बूथ स्तर पर कांग्रेस का फोकस

कांग्रेस ने आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर रणनीति में बड़ा बदलाव किया है। पार्टी अब सीधे बूथ स्तर पर फोकस करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले दो दशकों में कांग्रेस की चुनावी हार का एक बड़ा कारण यह रहा है कि प्रदेश संगठन का संपर्क सिर्फ जिला और ब्लॉक स्तर तक सीमित रहा, जबकि बूथ इकाइयों को मजबूत करने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। अब यह स्थिति बदली जाएगी।

## निजी भूमि से पेड़ काटने की अब ऑनलाइन मिलेगी अनुमति

### सरपंच से छीना गया पेड़ काटने की अनुमति देने का अधिकार

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी भूमि पर पेड़ काटने की अनुमति अब आनलाइन दी जाएगी। अभी तक सरपंच को इसके अधिकार थे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सरपंचों के इस अधिकार को वापस लेकर स्थगित कर अनुमति की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है। पंचायतराज संचालक छोटे सिंह ने सभी जिला कलेक्टरों को परिपत्र भेजकर कहा है कि अब ग्रामीणों की निजी भूमि पर पेड़ों की कटाई की अनुज्ञा संबंधी प्रक्रिया पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी।

वर्तमान अप्रैल माह से किसी भी प्रकार का सरपंच द्वारा जारी किया गया ऑफलाइन अनुज्ञा पत्र मान्य नहीं होगा। आवेदन पत्र की प्रविष्टि एवं स्वीकृति की प्रक्रिया से पंचायत के पदाधिकारियों, सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और इस कार्य की प्रभावी निगरानी की जाएगी। 13 जनवरी 2023 में इसके लिए पटवारी की रिपोर्ट पर ग्राम पंचायत को अधिकृत किया गया था। बता दें कि इससे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों की निजी भूमि पर पेड़ कटाई की अनुमति देने का अधिकार ग्राम पंचायत के सरपंच को दिया गया था। राजस्व विभाग के राजपत्र के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में पेड़ों को काटे जाने के लिए पटवारी की रिपोर्ट पर ग्राम पंचायत को अधिकृत किया गया था।

## मप्र में एक्टिव मोड में दिखेगी कांग्रेस

### तेज होंगे आंदोलन, जनता के बीच दिखेंगे कांग्रेसी



**भोपाल,ईएमएस।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए अंदरूनी तौर पर बड़े स्तर के बदलाव के संकेत दे दिए हैं। जिसमें संगठन में उन्हीं नेताओं को जगह मिलेगी, जो सक्रिय रहेंगे। यानी घर बैठे नेताओं को संगठन के दायित्वों से मुक्त किया जा सकता है। ऐसे में अब विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद से निष्क्रिय चल रहे नेताओं को कांग्रेस संगठन में बने रहने के लिए सक्रिय होना पड़ेगा। कांग्रेस के तय मुद्दे जातिगत जनगणना, बेरोजगारी, अजा - अजजा अत्याचार, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि पर नेताओं को विरोधी दलों और सरकारों के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करना होगा।

एआईसीसी के अधिवेशन के बाद मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी जल्द ही प्रदेश स्तरीय अधिवेशन की रूपरेखा तैयार करेंगे। इससे पहले वे प्रदेश भर का दौरा करेंगे। जिसमें पार्टी के अन्य नेता भी भागीदार होंगे। पटवारी ने कहा कि मप्र कांग्रेस का अधिवेशन अगले महीने हो राजधानी भोपाल में हो सकता है। इससे पहले वे संगठनात्मक स्तर पर लंबित फैसलों पर निर्णय ले सकते हैं। बताया गया कि प्रदेश स्तरीय अधिवेशन से पहले जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष तय हो जाएंगे। अब पार्टी का फोकस हर ग्राम पंचायत में पंचायत समिति और शहरी क्षेत्र में मोहल्ला समिति बनाने पर है। इस दिशा में अब पार्टी बहुत तेजी से आगे बढ़ेगी।

### घर बैठे नेता होंगे एक्टिव

लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हारने के बाद मप्र कांग्रेस के ज्यादातर बड़े नेताओं ने खुद को सीमित कर लिया था। प्रदेश कांग्रेस की बैठकों एवं पार्टी के कार्यक्रम, आंदोलनों से भी दूरी बना ली थी। लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। सभी नेताओं को पार्टी के कार्यक्रमों में भागीदारी करनी होगी। अभी तक कांग्रेस के दूसरे नेता सिर्फ बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते थे, खासकर कई मामलों में संगठन की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठा चुके हैं। निकट भविष्य में कांग्रेस की कार्यप्रणाली में बदलाव की संभावना है। ज्यादातर बड़े कार्यक्रम दिल्ली से तय होंगे। जिसमें सभी नेताओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। प्रदेशाध्यक्ष को ज्यादा अधिकार मिलेंगे।

## वक्फ सुधार जनजागरण अभियान 20 से

### हर शहर, गली-मोहल्ले में जाकर बताएंगे वक्फ संपत्ति के दुरुपयोग की कहानी

**भोपाल,ईएमएस।** भाजपा द्वारा 20 अप्रैल से वक्फ सुधार जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत देश के हर राज्य, शहर, गांव, गली-मोहल्ले में जाकर वक्फ संपत्ति के दुरुपयोग की कहानी बताई जाएगी। इस संपत्ति का सही तरीके से यदि उपयोग किया जाए तो मुस्लिम समाज की गरीबी दूर हो जाएगी।

यह फैसला नई दिल्ली में भाजपा कार्यालय में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान पर केंद्रित एक अहम कार्यशाला में लिया गया। कार्यशाला का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया। इस कार्यशाला में मध्यप्रदेश से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार और मप्र वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सनवर पटेल शामिल हुए। भाजपा ने इन तीनों को प्रदेश में आगामी वक्फ जागरूकता अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। जिराती ने कार्यशाला में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 मुस्लिम समाज, खासकर गरीब और जरूरतमंद तबके के लिए ऐतिहासिक बदलाव लेकर आएगा।

### 5 मई तक चलेगा वक्फ सुधार जनजागरण अभियान

इस कार्यशाला में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए जिराती ने बताया कि भाजपा 20 अप्रैल से 5 मई तक देशभर में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान चलाएगी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता देशभर में घर-घर जाकर मुस्लिम समाज को इस विधेयक की सच्चाई और लाभों से अवगत कराएंगे। केंद्र सरकार द्वारा मंजूर किए गए विधेयक के कारण अब वक्फ संपत्तियों का वास्तविक लाभ उन लोगों तक पहुंचेगा।

## सीएम करेंगे बिजली व वोल्टेज की शिकायतों की समीक्षा

- बिजली सरप्लस तो लोगों को सप्लाई में किस तरह की दिक्कत, बताएंगे अफसर



**भोपाल,ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश में बिजली सप्लाई न होने की शिकायतों और वोल्टेज को लेकर हो रही कम्प्लेन का रिव्यू करेंगे। यह रिव्यू समाधान ऑनलाइन के माध्यम से किया जाएगा। इसके साथ ही इस माह के अंतिम सप्ताह में होने वाली समाधान ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक में स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना एवं प्रसूति सहायता का रिव्यू करेंगे।

साथ ही गृह विभाग की एफआईआर लिखने में देरी संबंधी शिकायतों की समीक्षा की जाएगी। अप्रैल के अंतिम हफ्ते में होने वाली वर्चुअल बैठक के लिए एजेण्ड तय कर दिया गया है। जिसमें राजस्व विभाग के खसरा ऑनलाइन अपडेट करने में हो रही देरी पर भी चर्चा होगी। साथ ही राजस्व विभाग के नामांतरण एवं बंटवारे से संबंधित प्रकरण भी चर्चा में रहेंगे। ग्रामीण विकास विभाग की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत द्वारा सामग्री खरीदी एवं अन्य भुगतानों से जुड़े आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। समाधान ऑनलाइन में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की नलजल योजनाओं से संबंधित आवेदन एवं सभी विभागों के सीएम हेल्पलाइन में सौ दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

### कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ने सरकार से की मांग

# गोरकेला कमेटी की रिपोर्ट पर किए जाएं कर्मचारियों के प्रमोशन

**नई नीति से एसटी, एससी कर्मचारियों को पदोन्नति नहीं मिल पाएगी**

**भोपाल,ईएमएस।**



मप्र सरकार ने कर्मचारियों के प्रमोशन करने का फैसला किया है। जल्द ही कैबिनेट से प्रमोशन के मामले को मंजूरी मिलेगी। इस फैसले को लेकर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर दलित, आदिवासी वर्ग के कर्मचारियों की अनदेखी का आरोप लगाया है। पीसीसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रदीप अहिरवार ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल के दौरान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के साथ 441 पेज का गोरकेला ड्राफ्ट बनवाया था। लेकिन आज तक उसे मान्य नहीं किया गया और कोई नया ड्राफ्ट लाने की तैयारी कर रही है। इससे अनुसूचित जनजाति के लोगों का हक मारा जाएगा। इसी को रोकने के लिए कांग्रेस पार्टी सडक़ पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। मैं सरकार से मांग करता हूं कि जिन लोगों ने एससी, एसटी कर्मचारियों की पदोन्नति में रोक लगाई है। उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एससी, एसटी की रिजर्व कैटेगरी में कुछ ऐसे युवा भी है, जिन्होंने जनरल कैटेगरी से ज्यादा अंक प्राप्त किए है। लेकिन आरक्षण का समान नियम होने के चलते उनको योग्यता के मुताबिक पदोन्नति नहीं मिल रही है। ऐसे में मोहन जी की दलित विरोधी सरकार को गोर केला ड्राफ्ट दबाने के बजाय लागू करना चाहिए।

### सरकार की दलितों को खत्म करने की सोच

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र में राज कर रही भाजपा और आरएसएस दोनों दलितों और आदिवासियों को खत्म करना चाहती है। इसलिए वे सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के बाद भी ऐसे ड्राफ्ट लागू करने के बजाय छुपा देती है।

## जल्द मप्र का दौरा करेंगे राहुल गांधी

### महाकाल की नगरी में खास लोगों से करेंगे मुलाकात

**भोपाल,ईएमएस।** अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में उज्जैन के किसानों की जमीन अधिग्रहण (लैंड पुलिंग) का मुद्दा जोरशोर से उठाया गया।



9 अप्रैल से शुरू हुए दो दिवसीय अधिवेशन में तराना विधायक महेश परमार और महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के नाम पर किसानों से जमीन लिए जाने की शिकायत को राष्ट्रीय मंच पर रखा। तराना विधायक महेश परमार ने बताया कि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मामले को गंभीरता से सुना और किसानों के हित में जरूरी कदम उठाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि स्थिति गंभीर रही, तो वे स्वयं उज्जैन आकर किसानों से मुलाकात करेंगे। महेश परमार ने जानकारी दी कि अधिवेशन में प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया गया कि भाजपा सिंहस्थ के बहाने किसानों की उपजाऊ जमीनें छीनने का प्रयास कर रही है। इस बीच, उज्जैन कांग्रेस लगातार किसानों के समर्थन में जनजागरूकता अभियान चला रही है। गांव-गांव में प्रभात फेरियां, नुक्कड़ सभाएं और जनसंपर्क गतिविधियां दोबारा तेज कर दी गई हैं।

### जल्द उज्जैन आ सकते हैं राहुल गांधी

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि सरकार की नीतियों में बदलाव नहीं हुआ, तो राहुल गांधी का उज्जैन दौरा तय है। वे यहां आकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे। बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा को लेकर 5 मार्च 2024 को उज्जैन आए थे। राहुल ने सबसे पहले महाकाल मंदिर में दर्शन किए थे और इसके बाद शहर में रोड शो शुरू किया था। जो मुख्य मार्ग से होता हुआ देवास गेट पर पहुंचा कर जहां उन्होंने सभा को संबोधित किया था।

### मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने गिनाए नाम

## वक्फ की जमीन पर कांग्रेस नेताओं का कब्जा

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सनवर पटेल ने बड़ा आरोप लगाया हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ की जमीन पर कांग्रेस के नेताओं का कब्जा है। उन्होंने कई नेताओं के नाम भी गिनाए है। सनवर ने कहा कि इसी हफ्ते से कब्जा करने वालों को नोटिस दिया जाएगा। एमपी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल का बड़ा बयान सामने आया हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर जिला और मंडल स्तर तक के नेता वक्फ की जमीन पर कब्जा कर के अपनी जेब भरने का काम कर रहे हैं। 2000 लोगों को चिन्हित कर चुके हैं। नए कानून के तहत एक सप्ताह के अंदर 2000 लोगों को नोटिस देंगे। कांग्रेस नेता नियाज खान 7 करोड़ की रिकवरी निकाली है। इकबाल खान बड़वानी के कांग्रेस के नेता है, एक करोड़ 42 लाख की रिकवरी निकाली है। जो समझदार मुसलमान है वह समझ गया यह लोग भडक़ाने का काम कर रहे हैं। आपको बता दें कि 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पारित किया गया था। इसके बाद 5 अप्रैल को वक्फ अधिनियम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दी थी। 8 अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम देश में लागू हो गया। वहीं वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 20 से अधिक याचिका दायर की गई है।




### सिंधिया और तोमर के बीच बढ़ी दूरी...ग्वालियर-चंबल अंचल के नेता दो खेमों में बंटे...

# राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से धीमी हुई विकास की रफ्तार

**भोपाल,ईएमएस।**

मप्र में सरकार का फोकस सुशासन और विकास पर है। सरकार की कोशिश है कि पूरे प्रदेश में एक समान विकास हो। लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां स्थानीय नेताओं के बीच वर्चस्व की जंग के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। ऐसा क्षेत्र है ग्वालियर-चंबल अंचल। डबल इंजन की सरकार क्षेत्र के विकास को रफ्तार देगी, यह नारा पिछले एक दशक से हर चुनाव में भाजपा जोर-शोर से उठाती है परंतु यह वादा करने वाले उसके नेता ग्वालियर चंबल अंचल में अलग-अलग प्लेटफार्म पर नजर आ रहे हैं, जिससे यहां विकास की ट्रेन न सिर्फ डिरेल है, बल्कि यदि लंबित परियोजना क्षेत्र में आती भी है तो नेता श्रेय लेने की होड़ में जुट जाते हैं।

ग्वालियर चंबल अंचल का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के एक ही पार्टी में होने पर अंचल को विकास की रफ्तार पकडऩे की आशा थी, पर धरातल पर यह नजर नहीं आ रहा है।



हाल ही में ग्वालियर की बड़ी आबादी को राहत देने वाले न्यू सिटी सेंटर स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के लोकार्पण, ग्वालियर से शिवपुरी के लिए वेस्टर्न बाइपास जैसे मामलों में जिस तरह समर्थकों को आगे कर दोनों पक्षों की बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता नजर आई, ऐसे में यह दूरी जनता के बीच भी जगजाहिर हो गई है।

### वर्चुअल ही शामिल हुए सिंधिया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल रूप से 8 अप्रैल को ग्वालियर में विवेकानंद नीड्म पुल का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी वर्चुअल ही शामिल हुए, जबकि सिंधिया अंचल में ही मौजूद थे। कार्यक्रम में अधिकांश सिंधिया समर्थकों की भी दूरी भी रही। इसके पीछे की पटकथा ने पहली बार सिंधिया और नरेंद्र तोमर की अलग अलग राजनीति को खुलकर सामने लाया है। दो साल में पूरा होने वाले पुल तैयार होने पर नौ साल लग गए।

**श्रेय लेने की होड़** *बताते हैं कि भाजपा संगठन में कड़ी निगरानी के चलते दोनों नेता सीधे तौर पर एक दूसरे पर निशाना साधने से बच रहे हैं परंतु समर्थकों को सक्रिय कर रखा है। हाल ही में सिंधिया समर्थक ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विकास की दौड़ में ग्वालियर चंबल अंचल के पिछडऩे तक की बात सार्वजनिक रूप से कही थी। उधर नरेंद्र सिंह खेमे से ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह ने ग्वालियर को शिवपुरी से जोडऩे वाले वेस्टर्न बाइपास की स्वीकृति की सूचना और फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित करा दिए, जवाब में सिंधिया समर्थकों ने शहर में वेस्टर्न बाइपास के लिए धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए लगाए होर्डिंग्स से सांसद को गायब कर दिया।*

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालय: ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेल: expressnews.advt@gmail.com (रजि न. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

### घरेलू मैदान में सबसे अधिक मैच हारने वाली टीम बनी आरसीबी

बेंगलुरु (ईएमएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने घरेलू मैदान पर टीम की हार पर निराशा जताई हैं। पाटीदार ने कहा कि बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से टीम के हाथों से जीत निकल गयी। आरसीबी ने इस मैच में पहले खेलते हुए 163 रन बनाये। इसके बाद वह अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पायी।

### विराट आईपीएल में 1000 बाऊंड्रीज लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने

मुम्बई (ईएमएस)। विराट कोहली आईपीएल में कुल 1000 चौके, छक्के वाले पहले खिलाड़ी बन गये हैं। विराट ने दिल्ली कैपिटल्स में खिलाफ मुकाबले में ये उपलब्धि हासिल की है। विराट ने कैपिल्स के खिलाफ 14 गेंदों पर 1 चौका और 2 छक्कों के साथ 22 रन बनाये। इसी के साथ ही उनकी 1000 बाऊंड्रीज पूरी हुईं।

# आईपीएल में आज सुपर जॉइंट्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा

## दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा मुकाबला

लखनऊ (ईएमएस)।

लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम शनिवार को अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच कड़ा मुकाबला होना तय है क्योंकि जहां सुपर जॉइंट्स को घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। वहीं टाइटंस की टीम का मनोबल लगातार मिल रही जीत से बढ़ा हुआ है। गुजरात टाइटंस लगातार चार मैच जीतने के कारण अंक तालिका में शीर्ष पर है। वहीं लखनऊ सुपर जॉइंट्स तीन मैच में जीत के साथ ही पांचवें नंबर पर है। लखनऊ की टीम के लिए सकारात्मक बात ये है कि पूरन फार्म में हैं। इस सलामी बल्लेबाज ने अब तक 288 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 225 है जो किसी भी विरोधी टीम के लिए परेशानी की बात है। पूरन ने अभी तक 25 चौके और 24 छक्के लगाए हैं। ऐसे में उनपर अंकुश लाना टाइटंस की पहली प्राथमिकता होगी। पूरन को रोकने का प्रयास टाइटंस के तेज गेंदबाज मो सिराज करेंगे। सिराज ने अब तक पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके नाम पर पांच मैच में 10 विकेट लिए हैं। ऐसे में पूरन के लिए सिराज के खिलाफ पावर प्ले में बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होगा। पूरन के अलावा सलामी बल्लेबाजों एडेन माक्ररम और मिशेल मार्श को भी सिराज से सतर्क रहना होगा। टाइटंस की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने भी अभी तक अच्छी गेंदबाजी की है। इसके अलावा उसके पास स्पिनर आर साई किशोर और स्पिनर राशिद खान हैं। ऐसे में सुपर जॉइंट्स के बल्लेबाजों की राह आसान नहीं है। टीम के एक और कमजोरी उसके कप्तान ऋषभ पंत का फार्म में नहीं होना भी है। ऋषभ ने अभी तक चार पारियों में केवल 19 रन बनाए हैं। राशिद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में अच्छी गेंदबाजी करके लय हासिल करने के संकेत दिए थे। अगर वह अपना यह प्रदर्शन जारी रखते हैं तो लखनऊ के बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल पैदा हो सकती है।




**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

गुजरात टाइटंस: शुभमन गिल (कप्तान), बी साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएत्ज़ी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़, करीम जनत।

लखनऊ सुपर जाइंट्स: ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हैंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, शमर जोसेफ प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

### पीएसएल से कई गुना अधिक है आईपीएल की इनामी राशि

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) जहां इस समय भारत में आईपीएल क्रिकेट लीग के 18 वें सत्र का आयोजन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सुपर लीग (पीएसएल) के 11 वें सत्र का आयोजन कर रहा है। आईपीएल विश्व क्रिकेट की सबसे बड़ी लीग है और पीएसएल उसके सामने कहीं भी टिकती नहीं दिखती। इन दोनो की ही इनामी राशि में भी जमीन आसमान का अंतर है। पीएसएल में भाग लेने वाली सभी 6 टीमें 500,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के लिए मुकाबला करेंगी जबकि उपविजेता को 200,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। भारतीय मुद्रा में पीएसएल के विजेता टीम को 5.63 करोड़ दिए जाएंगे वहीं उप विजेता टीम को 1.73 करोड़ मिलेंगे जबकि आईपीएल की विजेता टीम को. वहीं, आईपीएल 20 करोड़ रुपये और उपविजेता को 13 करोड़ रुपये मिलेंगे। आईपीएल में दर्शकों की तादाद भी पीएसएल से कहीं अधिक रही है। आईपीएल 2024 ने कई रिकॉर्ड तोड़े और इसे 620 मिलियन दर्शकों ने लाइव देखा। 2025 सत्र के शुरुआती खेलों को 510 मिलियन दर्शकों ने जिससे पता चलता है कि आईपीएल कितना लोकप्रिय है। कि आईपीएल प्रति मैच मूल्य के मामले में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी लीग है।

# आईपीएल 2025 में केवल दिल्ली ही हासिल कर पायी है 200 से अधिक रनों का लक्ष्य



मुम्बई (ईएमएस)।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 18 वें सत्र में अब तक केवल एक टीम दिल्ली कैपिटल्स ही 200 से अधिक रनों का लक्ष्य का हासिल करने में सफल रही है। वहीं अन्य सभी टीमों को 200 रनों से अधिक का लक्ष्य हासिल करने में हार का सामना करना पड़ा है। यहां तक कि पांच बार की विजेता रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस भी ये लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी है। इस सत्र में अभी तक कुल 23 मैच में 9 टीमों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीम को 200 रनों से अधिक का लक्ष्य दिया है पर केवल दिल्ली कैपिटल्स ही उसे हासिल कर पायी है जबकि बची हुई आठ टीमों को हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली कैपिटल्स ने सत्र के दूसरे ही मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स से मिले 210 रनों के लक्ष्य को एक विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद ने ही अब तक सबसे अधिक स्कोर 286 रन बनाया है। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की टीम 242 ही रन बना पायी।

वहीं सत्र के चौथे मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने 209 रन बनाए। इसके बाद कैपिटल्स ने एक विकेट पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली ने एक विकेट शेष रहते यह लक्ष्य हासिल कर लिया। वहीं पांचवें मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 243 रन बनाए। इसके बाद गुजरात टाइटंस 232 रन ही बना पायी और हार गयी। 15वें मैच में केकेआर ने हैदराबाद को 200 रनों का लक्ष्य दिया। इसके बाद बड़े स्कोर बनाने के लिए जानी जाने वाली सनराइजर्स की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 120 रनों पर ही सिमट गयी। ।16वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने मुंबई इंडियंस के सामने 203 रन बनाए। इसो बाद मुंबई इंडियंस की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 191 रन ही बना पायी। 19वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने केकेआर के सामने 238 रन बनाए। केकेआर इसके जवाब में 234 रन ही बना पायी। 21वें मैच में आरसीबी ने मुंबई इंडियंस के सामने 221 रन बनाए।

### कोहली ने प्यूमा के साथ अपना करार तोड़ा, एगिलिटास स्पोर्ट्सवियर में बनेंगे निदेशक

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने स्पोर्ट्स ब्रांड प्यूमा के साथ अपना करार तोड़ दिया है। विराट ने साल 2017 में प्यूमा के साथ करीब 110 करोड़ रुपये के एक करार पर हस्ताक्षर किए थे। प्यूमा ने विराट को इस करार को अगले आठ साल के लिए 300 करोड़ रुपये में आगे बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था पर विराट ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

### सनराइजर्स और पंजाब किंग्स आज होंगे आमने-सामने

हैदराबाद (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को यहां अपने घरेलू मैदान राजीव गांधी स्टेडियम में पंजाब किंग्स का सामना करेगी। इस मैच में सनराइजर्स का लक्ष्य जीत हासिल कर लगातार हार का सिलसिला तोड़ना रहेगा हालांकि ये उसके लिए आसान नहीं है क्योंकि इस बार पंजाब किंग्स की टीम शानदार फार्म में है और लगातार जीत से उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं सनराइजर्स ने पहले ही मैच में आक्रामक बल्लेबाजी कर सबसे अधिक स्कोर बनाया था पर उसके बाद से ही वह असफल रही है और लगातार हार रही है।

**फटाफट खबरें**

### गुजरात में पवन ऊर्जा परियोजना का पहला चरण शुरू

मुंबई (ईएमएस)। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने गुजरात में अपनी पवन ऊर्जा परियोजना के पहले चरण का 90 मेगावाट का यूनिट चालू ?किया। इस परियोजना के अंतर्गत, भारत के ऊर्जा से भरी सफेद उत्पादन को बढ़ावा देने का यह कदम सराहनीय है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने महात्मा फुले नवीकरणीय ऊर्जा और अवसंरचना प्रौद्योगिकी लिमिटेड के साथ साझेदारी बनाकर भारत के हरित ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने का एक साकारी कदम उठाया है। इस यूनिट के साथ यह उद्यम भारत के नवीकरणीय ऊर्जा सरकारी क्षेत्र की पश्चिमी भुज में सफलतापूर्वक संचालन करने को तैयार है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की पहले ही कमाईयों और नवीकरण की क्षमताओं का ध्यान मुख्य ध्यानाकर्षित करते हैं, जैसा कि वित्तीय वर्ष 2024 में यह उद्यम बिजली उत्पादन के मैदान में अग्रणी हो रहा है। इस परियोजना से उम्मीदवार हैं कि हरित, सुरक्षित और वृद्धि-मार्ग के ऊर्जा क्षेत्र में एक नया संभावना का उद्घाटन होगा।

### रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शु वार को 58 पैसे की बढ़त के साथ ही 86.10 पर बंद हुआ। आज सुबह अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख और तेल की कीमतों में गिरावट के बीच ही रुपया शु वार को शुरुआती कारोबार में 51 पैसे की तेजी के साथ 86.17 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क को नौ जुलाई तक टालने के फैसले से स्थानीय मुद्रा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में घरेलू मुद्रा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.22 पर खुली। रुपया शुरुआती सौदों में 86.17 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो बुधवार को बंद हुए भाव के मुकाबले 51 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को 86.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। महावीर जयंती के अवसर पर गुरुवार को शेयर, विदेशी मुद्रा, जिंस बाजार बंद थे। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति

# पेंशन में देरी होने पर बैंकों को 8 फीसदी ब्याज के साथ अकाउंट में जमा करना होगा: आरबीआई

नई दिल्ली (ईएमएस)।

रिटायर्ड सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है। अब अगर उनको उनकी पेंशन या एरियर समय पर नहीं मिलता है, तो संबंधित बैंक को उसकी भरपाई करनी होगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जारी किया गवर्नमेंट पेंशन भुगतान हेतु मास्टर सर्कुलर, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि पेंशनभोगियों को सालाना 8 प्रतिशत की दर से ब्याज देना अनिवार्य होगा। सर्कुलर के अनुसार बैंक को खुद से ही यह ब्याज पेंशनर के अकाउंट में जमा करना होगा, जिस दिन संशोधित पेंशन या एरियर की राशि क्रेडिट की जाती है। यह कदम पेंशन भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में मदद करेगा। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि पेंशन का भुगतान संबंधित पेंशन भुगतान प्राधिकरणों के निर्देशों के अनुसार ही किया जाएगा। खातों में पैसे जमा करने की प्रक्रिया भी बैंकों को इन निर्देशों के अनुसार करना होगा। अतिरिक्त राशि के लिए किसी पेंशनर से दावा करने की आवश्यकता नहीं होगी, और बैंक को किसी वसूली की प्रतीक्षा भी नहीं करनी होगी। इस प्रक्रिया से सहयोग करने से लाखों रिटायर्ड कर्मचारियों को संतुष्टि मिलेगी, और पेंशन भुगतान में वृद्धि होगी। आरबीआई के द्वारा यह कदम एक अच्छी सर्विस की ओर महत्वपूर्ण कदम है।



## सेंसेक्स 1310, निफ्टी 429 अंक ऊपर आया

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुम्बई (ईएमएस)।



भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के कुछ देशों पर टैरिफ लगाने की योजना 90 दिन तक टालने से भी बाजार को बल मिला। इससे घरेलू बाजार पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा। टैरिफ पर रोक से धातु और वित्तीय शेयरों में तेजी रही। इससे निवेशकों की संपत्ति 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में सेंसेक्स 1310.11 अंक करीब 1.77 फीसदी बढ़कर 75,157.26 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 429.40 अंक तकरीबन 1.92 फीसदी बढ़कर 22,828.55 पर बंद हुआ। जानकारों के अनुसार अमेरिका ने 75 देशों, जिनमें भारत भी शामिल है, पर लगने वाले टेरिस को 90 दिनों के लिए टाल दिया है। ये देश अमेरिकका से व्यापार को लेकर बातचीत करना चाहते हैं। ऐसे में इन 75 देशों से अगले 3 महीनों तक कोई पारस्परिक शुल्क नहीं वसूला जाएगा। जहां भारत को 90 दिन की राहत दी गई है, वहीं अमेरिका ने चीन पर 145 प्रतिशत का भारी-भरकम टैरिफ लगा दिया है। वहीं अमेरिकी शेयर बाजारों में बुधवार को भारी गिरावट रही, जिसके असर से गुरुवार को एशियाई बाजारों की शुरुआत भी कमजोर रही। गुरुवार देर रात अमेरिकी स्टॉक फ्यूचर्स में भी कमजोरी दिखी।

एसएंडपी 500 फ्यूचर्स में 0.99 फीसदी नेसडेक 100 फ्यूचर्स में 1.11 फीसदी और डाओ फ्यूचर्स में 0.86 फीसदी की गिरावट आई। बुधवार को डाओ जोंस इंडस्ट्रियल औसल 2.50 फीसदी गिरकर 39, 593.66 पर बंद हुआ, एसएंडपी 500 में 3.46 फीसदी की गिरावट रही और यह 5,268.05 पर बंद हुआ, जबकि नेसडेक में 4.31फीसदी गिरावट रही और ये 16,387.31 पर आ गया।

# देश में यूपीआई से भुगतान में 41 प्रतिशत का उछाल, 2024 की दूसरी छमाही में

नई दिल्ली (ईएमएस)।



2024 की दूसरी छमाही (जुलाई-दिसंबर) में भारत में मोबाइल फोन के द्वारा किए जाने वाले भुगतान की ट्रांजेक्शन वॉल्यूम 41 प्रतिशत बढ़कर 88.54 अरब हुई और वैल्यू 30 प्रतिशत बढ़कर 197.69 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में 2024 की दूसरी छमाही में मजबूत बढ़ोतरी दिखाई दी है। इसकी वजह यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), मोबाइल पेमेंट्स और कार्ड्स के उपयोग में इजाफा होना है।

रिपोर्ट में कहा गया हैं कि डिजिटल पेमेंट्स बुनियादी ढांचे में मजबूत वृद्धि के कारण यह संभव हुआ। यूपीआई क्यूआर (क्विक रिस्पांस) कोड की संख्या दिसंबर 2024 के अंत तक बढ़कर 63.34 करोड़ तक पहुंच गई है, जबकि इस अवधि के दौरान पीओएस टर्मिनल की संख्या 23 प्रतिशत बढ़कर 1 करोड़ हो गई है। पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) लेनदेन की संख्या में तेज बढ़ोतरी हुई है। पी2एम लेनदेन की वॉल्यूम 50 प्रतिशत बढ़कर 58.03 अरब और कुल वैल्यू 43 प्रतिशत बढ़कर 36.35 लाख करोड़ रुपये हो गई है। 2024 की दूसरी छमाही में कार्ड भुगतान 11 प्रतिशत बढ़कर 4.1 अरब ट्रांजैक्शन पर पहुंच गए, जो मुख्य रूप से क्रेडिट कार्ड के उपयोग में 36 प्रतिशत की वृद्धि के कारण है। क्रेडिट कार्ड से ट्रांजैक्शन की संख्या बढ़कर 2.42 अरब पर पहुंच गई है। डेबिट कार्ड से लेनदेन की संख्या में 29 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है और यह घटकर 0.82 अरब हो गए हैं। प्रीपेड कार्ड से लेनदेन की संख्या 11 प्रतिशत बढ़कर 0.86 अरब हो गई है। समीक्षा अवधि में कुल कार्ड से हुए लेनदेन की वैल्यू 8 प्रतिशत बढ़कर 13.64 लाख करोड़ रुपये हुई है। इसमें से क्रेडिट कार्ड से 10.76 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए हैं। इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (ईटीसी) में जोरदार वृद्धि देखी गई, दिसंबर 2024 तक 10.3 करोड़ टैग जारी किए गए।

# खुदरा महंगाई के दबाव में सब्जियां एवं दालें होंगी सस्ती!

## पांच साल के निचले स्तर पर आ जाएगी खुदरा महंगाई



मुंबई (ईएमएस)।

भारतीय अर्थव्यवस्था में छोटी गिरावट के बाद रेपो दर को फिलहाल दूसरी बार 0.25 फीसदी कटौती के बाद सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) ने दिया एक और राहत के संकेत। मार्च में खुदरा महंगाई की औसत दर में 3.47 फीसदी की गिरावट की भविष्यवाणी की जा रही है, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे कम होगी। विभिन्न खाद्य उत्पादों की कीमतों में नरमी के कारण मार्च में सब्जियों एवं दालों की कीमतों में 5.1 फीसदी की गिरावट की आशंका है। चीनी, खाद्य तेल, दूध और फलों में महंगाई के दबाव ने बाधा उत्पन्न की है। बीते महीनों में सब्जियों और दालों की कीमतों में तेजी से गिरावट आई है। इसके साथ ही अरहर, चने, मूंग, मसूर और उड़द जैसी दालों की कीमतें भी कम हो गई हैं। सीएमआईई के अनुसार मार्च में अनाज की मुद्रास्फीति घटकर 5.3 फीसदी रह गई है, और गेहूं-आटे की कीमतों में अल्प गिरावट आई है। तेल और वसा की कीमतें भी बढ़कर 17.2 फीसदी हो सकती हैं।

# चीन पर ट्रंप के टैरिफ वार से बाजार में हड़कंप

## चीनी उत्पादों पर टैरिफ का बोझ 145 फीसदी तक पहुंच गया



नई दिल्ली (ईएमएस)।

अमेरिका ने चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर टैरिफ और बढ़ा दिया है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि चीन से आयातित वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाए गए नए और कड़े टैरिफ गुरुवार 10 अप्रैल से प्रभावी हो गए हैं। ये शुल्क अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की पहल पर लगाए गए हैं और कुछ खास वस्तुओं पर कुल अतिरिक्त शुल्क अब 145 फीसदी तक पहुंच गया है। ट्रंप ने चीन पर दबाव और बढ़ाते हुए कुछ आयातित वस्तुओं पर 125 फीसदी का नया टैरिफ लगाया है। ये नए शुल्क इस साल की शुरुआत में लगाए गए 20 फीसदी शुल्क के अतिरिक्त हैं, जो कथित रूप से चीन के फेंटानिल ट्रेड से जुड़े होने के आरोपों के चलते लगाए गए थे। इस कदम के बाद कुछ चीनी उत्पादों पर कुल मिलाकर टैरिफ का बोझ 145 फीसदी तक पहुंच गया है, जिसमें पिछली सरकारों द्वारा लगाए गए शुल्क भी शामिल हैं जो अब तक बरकरार हैं। हालांकि, नया 125 फीसदी टैरिफ सभी उत्पादों पर लागू नहीं होता। इसमें स्टील और एल्यूमीनियम जैसे प्रमुख सेक्टर शामिल नहीं हैं, साथ ही ऑटोमोबाइल्स भी इससे बाहर रखे गए हैं। इन सेक्टर्स पर पहले से ही अलग व्यापार उपायों के तहत 25 फीसदी का शुल्क लगाया गया है। कॉपर, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर्स, लकड़ी और ऊर्जा उत्पाद जैसे अन्य सेक्टरों को फिलहाल इस लिस्ट से बाहर रखा गया है। हालांकि ट्रंप ने संकेत दिया है कि भविष्य की कार्रवाई में इन्हें भी शामिल किया जा सकता है। व्हाइट हाउस द्वारा स्पष्ट किए जाने के बाद कि चीन से आयात पर टैरिफ 125 फीसदी नहीं बल्कि 145 फीसदी होगी। अमेरिकी शेयर बाजारों में गिरावट और बढ़ गई। बुधवार की ऐतिहासिक तेजी के बाद गुरुवार को बाजार पलट गए, क्योंकि निवेशक एक बार फिर व्यापार युद्ध के जोखिम को लेकर सतर्क हो गए।

### काफी संघर्ष के बाद पेटीएम के शेयरों में आया 3 फीसदी उछाल, निवेशक हुए खुश

मुंबई,(ईएमएस)। पेटीएम के शेयर इस साल संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन आज यानी शुक्रवार का दिन निवेशकों के लिए अच्छा रहा। कंपनी के शेयरों की कीमतों में उछाल आया। पेटीएम के शेयरों में शुक्रवार सुबह 3 फीसदी से ज्यादा का उछाल नजर आया है। इस उछाल की वजह कंपनी में म्यूचुअल फंड्स की बढ़ी हिस्सेदारी को माना जा रहा है। बता दें गुरुवार के क्लोजिंग डाटा हिसाब से पेटीएम के शेयरों में इस साल 18 फीसदी की गिरावट आई है। 2025 में कंपनी के शेयर 987.60 रुपए से घटक्र 810 रुपए प्रति शेयर पर आ गए थे। बीएसई में शुक्रवार को पेटीएम के शेयर बढ़त के साथ 828.55 रुपए के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 836.70 रुपए सुबह 9.53 मिनट पर पहुंच गया। पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड में जनवरी से मार्च 2025 तक की म्यूचुअल फंड्स के पास 8,36,17,835 शेयर थे। कंपनी में कुल हिस्सेदारी 13.11 फीसदी है। इसमें से 2.30 फीसदी हिस्सेदारी मोतीलाल ओसवाल के पास है। निप्पन म्यूचुअल फंड्स के पास 2.76 फीसदी हिस्सा है।

### इंदौर बाजार भाव

इन्दौर (ईएमएस)। आवकें सुस्त रहने से शुक्रवार को तिलहनों में सोयाबीन बाजार तेजी पर रहे। सरसो व रायडा बना रहा। दलहनों में चना मामूली लटक पर रहा। किराना जिंसों की कीमतें बनी रही। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार सोयाबीन में आवकें ठंडी रहने से बाजार तेजी के रहे। सोयाबीन में आज बाजार 4500 रू. प्रतिक्विंटल पर आ गये। सरसो व रायडा बना रहा। दलहनों में चना मामूली लटक पर रहा। मसूर बाजार बने रहे। उधर, किराना जिंसों में शक्कर पूर्वस्तर पर रही। हल्दी व जीरे में बाजार मजबूती के रहे। भाव इस प्रकार रहे:-


विक्रमोत्सव 2025
विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नव जागरण और भारत विद्या पर एकाग्र
सांस्कृतिक अभ्युदय से समृद्धि पथ पर
अग्रसर मध्यप्रदेश
जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
विक्रम संवत् के प्रवर्तक
सम्राट विक्रमादित्य
महानाट्य का महामंचन
12,13,14 अप्रैल 2025
प्रतिदिन सायं 6:00 से 9:00 बजे तक
माधव दास पार्क, लाल किला, दिल्ली
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली
स्वागताध्यक्ष
शुभारंभ
मुख्य अतिथि
जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति, भारत
विशिष्ट अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
गरिमामयी उपस्थिति
गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री, दिल्ली
विशेष प्रदर्शनी
• आर्ष भारत • विक्रमादित्यकालीन मुद्रा-मुद्रांक
• मध्यप्रदेश में पर्यटन • मध्यप्रदेश का विकास एवं उपलब्धियां
• मध्यप्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट • फूड कोर्ट
D-11005/25
The heart of Incredible India
संस्कार भारती
कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा
दीनदयाल शोध संस्थान - नई दिल्ली, संस्कार भारती - नई दिल्ली
श्री विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति, उज्जैन के सहयोग से आयोजित
आप सादर आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी के लिए QR स्कैन करें.
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025